

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 172 | ग्वालियर सोमवार, 10 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



**न्यूज़ ट्रैक**

## भारतीय सेना ने नाकाम की घुसपैठ की कोशिश, एक पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर, दो अन्य की तलाश जारी



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार (9 अप्रैल) तड़के नियंत्रण रेखा (स्न्नह्रष्ट) पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए सेना के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया. एक सैन्य प्रवक्ता ने यह जानकारी दी. प्रवक्ता ने बताया कि शाहपुर सेक्टर में तड़के करीब सवा दो बजे तीन संदिग्ध आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश उस वक्त नाकाम कर दी गई, जब एलओसी पर पहरा दे रहे सेना के जवानों ने घुसपैठियों को भारतीय सीमा में दाखिल होने का प्रयास करते हुए देखा और उन पर गोलीबारी की.जम्मू में सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि सैनिकों ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को पुंछ में नियंत्रण रेखा पर सीमा बाड़ के पास घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी. लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद के मुताबिक, ÷अभियान के दौरान (गोलीबारी वाले स्थान पर) एक शव पाया गया और अन्य घुसपैठिये जंगल में भाग गए. इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और (घुसपैठियों को गिरफ्तार करने के लिए) तलाश अभियान जारी है.÷ अधिकारियों ने बताया कि सेना को घेराबंदी वाले इलाके में दो और पाकिस्तानी घुसपैठियों की मौजूदगी का संदेह है.बता दें कि हाल में दो बार सेना एलओसी पर घुसपैठ की कोशिशें नाकाम कर चुकी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 15-16 फरवरी की दरमियानी रात तंगधार सेक्टर में तीन आतंकी घुसपैठ कर रहे थे तभी मौके पर तैनात (घुसपैठ रोधी ग्रिड) जवानों ने कार्रवाई की. एलओसी के पास आतंकियों और जवानों के बीच गोलीबारी हुई. उस दौरान एक घुसपैठिया मारा गया था और दो अन्य कम उजाले का फायदा उठाकर फरार हो गए थे. मारे गए घुसपैठिए के पास से असलहा और गोला-बारूद बरामद हुआ था. इससे पहले 7 जनवरी को पुंछ जिले में एलओसी के पास बालकोट सेक्टर से आतंकवादी घुसपैठ करने की फिराक में थे. एलओसी पर तैनात जवानों को संदिग्ध गतिविधि का पता चल गया था. जवानों ने अपना जाल बिछाया. घुपैठियों ने धमाका करके घुसपैठ की कोशिश की लेकिन सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया. अगले दिन सर्च ऑपरेशन में दो शव हथियारों और गोला-बारूद के साथ बरामद किए गए थे.

## एसपी ने कहा घटना को अंजाम देकर बिहार से बाहर भागे उपद्रवी

बिहारशरीफ में हिंसक झड़प के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त इख्तियार कर लिया है. एसपी अशोक मिश्रा ने बुधवार को कहा कि घटना को अंजाम देकर कुछ लोग बिहार से बाहर भाग भाग चुके हैं. उन्होंने कहा कि टेक्निकल एविडेंस इकट्ठा किया जा रहा है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाहर भागे उपद्रवियों पर शिकंजा कसने के लिए एसआईटी टीम बिहार से बाहर भी भेजी गई है. एसपी ने बताया कि कई राज्यों में छापेमारी की जा रही है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर नामजद आरोपी गिरफ्तार नहीं होते हैं या सरेंडर नहीं करते हैं तो जल्द ही सभी आरोपियों की संपत्ति की कुर्की जब्ती की जाएगी. डीएम शशांक शुभंकर और एसपी अशोक मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को हिंसा से प्रभावित मोहल्ले में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है, ताकि शहरवासी डर के साए में न रहे. गौरतलब है कि प्रशासन की ओर से लगातार शांति बहाल करने के लिए अलग-अलग तरीके से लोगों को जागरूक किया जा रहा है.

## जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती पर जुलूस की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** राजधानी समेत देश के कई राज्यों में 30 मार्च को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हिंसा की खबर आई थी. अब 6 अप्रैल को हनुमान जयंती से पहले दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर है. दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में विश्व हिंदू परिषद ने शोभायात्रा निकालने का आह्वान किया है. विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली पुलिस से शोभायात्रा निकालने के लिए परमिशन भी मांगी गई है. दिल्ली पुलिस के मुताबिक 2 ग्रुपों ने जहांगीरपुरी में शोभायात्रा निकालने की इजाजत मांगी गई थी, लेकिन लॉ एंड ऑर्डर स्थिति को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने दोनों ही आयोजकों को परमिशन देने से मना कर दिया है. दिल्ली पुलिस ने हनुमान जयंती के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है. पुलिस इलाके में दिल्ली पुलिस और पैरामिलिटरी फोर्स के जवान पेट्रोलिंग कर रहे है. इसके अलावा बाइक से भी पेट्रोलिंग की जा रही है. जहांगीरपुरी इलाके के लिए भी पुलिस एकदम सतर्क है. पिछले साल हनुमान जयंती के मौके पर ही जहांगीरपुरी में दंगे हुए थे. इसके पहले जहांगीरपुरी में रामनवमी शोभायात्रा निकालने की इजाजत नहीं दी गई थी, लेकिन फिर भी जुलूस निकाला गया था. देश भर में 30 मार्च को रामनवमी का अवसर मनाया गया था जिस दौरान कई राज्यों में हिंसा देखने को मिली थी. 30 मार्च को गुजरात के वडोदरा में फतेहपुरा इलाके में रामनवमी के जुलूस पर पथराव किया गया. इसके अलावा बंगाल के हावड़ा में भी रामनवमी जुलूस पर पथराव किया गया और वाहनों में अगजनी भी की गई. हालांकि 30 मार्च के बाद भी निकाली गई शोभायात्रा पर पथराव हुआ था.

# कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच इन राज्यों में नई गाइडलाइंस जारी, कल अस्पतालों में होगी मॉक ड्रिल

देश के कई राज्यों में कोरोना (ष्टश1द्बस्र 19) के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. जिसे देखते हुए राज्य सरकारों ने नई गाइडलाइंस जारी की हैं. इसके अलावा अस्पताल में तैयारियों का जायजा लेने के लिए 10 और 11 अप्रैल को देशव्यापी मॉक ड्रिल (स्रूष्द्म ष्ठह्लद्बद्यद्य) का आयोजन किया जाएगा. जिसमें सरकारी और निजी दोनों प्रकार के स्वास्थ्य केंद्रों के भाग लेने की संभावना है. अधिकारियों ने रविवार (9 अप्रैल) को बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने 10 अप्रैल को झज्जर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाएंगे. मांडविया ने सात अप्रैल को हुई समीक्षा बैठक में राज्य के



स्वास्थ्य मंत्रियों से अस्पताल जाने तथा मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने का अनुरोध किया था. केंद्रीय मंत्री ने उन्हें आठ और नौ अप्रैल को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने की भी सलाह दी थी. कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है. साथ ही स्कूलों में भी मास्क पहनना जरूरी होगा. हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर खांसी, जुकाम के मरीज अस्पताल में आते हैं तो उनका कोरोना टेस्ट किया जाए. उन्होंने मरीजों की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के भी निर्देश जारी किए हैं. केरल में जारी नई गाइडलाइंस के अनुसार, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों वाले लोगों के लिए मास्क लगाना जरूरी है. केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश जारी किया है. वहीं पुडुचेरी प्रशासन ने भी सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य किया है. अस्पतालों, होटल, रेस्तरां, शराब की दुकानों, सरकारी कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी मास्क अनिवार्य किया गया है.उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने जांच में तेजी लाने को कहा है. साथ ही इमरजेंसी में भर्ती होने से पहले मरीज का कोरोना टेस्ट अनिवार्य होगा.

## पीलीभीत की बिरयानी के चक्कर में अभी यूपी पुलिस के कितने अधिकारियों पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड में अतीक के भाई अशरफ को मदद पहुंचाने को लेकर नैनी जेल के वरिष्ठ जेल निरीक्षक शशिकांत सिंह को निलंबित कर दिया गया है. इससे पहले बांदा जेल के अधीक्षक अविनाश गौतम और बरेली सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को भी निलंबित किया जा चुका है. इन तीनों निलंबित जेल अधीक्षक पर लापरवाही बरतने का आरोप है. बरेली जेल मामले में इससे पहले 5 अधिकारी सस्पेंड किए गए थे.

उमेश पाल अपहरण मामले में जेल में बंद अतीक के भाई अशरफ ने जेल को ही होटल बना लिया था. अशरफ अपनी पसंद का खाना मंगाने से लेकर अपनी पसंद का खाना पकवाया करता था. जेलों के आला पुलिस अधिकारी अशरफ को मना करने के बजाए मदद पहुंचा रहे थे. अब इसी मदद को लेकर इन सभी आला अधिकारियों पार गाज गिरी है. नैनी के जेल अफसर पर कार्रवाई को माफिया अतीक के गुर्गो पर सख्ती न बरतने और उमेश पाल अपहरण और हत्या कांड में सजा सुनाए जाने के बाद अतीक को जेल में एंट्री न देने से जोड़कर देखा जा रहा है. रिपोर्ट्स ये भी दावा करती हैं कि उमेश पाल हत्या की पूरी प्लानिंग बरेली सेंट्रल जेल में हुई. अतीक के भाई अशरफ से जेल में गैंग की मुलाकात कराने के आरोपों में बरेली सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को जिम्मेदार ठहराया गया है. वहीं डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप समेत 5



अधिकारी को पहले ही निलंबित किया गया है. जेल में अतीक अहमद का भाई अशरफ वॉट्सऐप कॉल के जरिए पूरा मर्डर ऑपरेशन डील करता रहा. जेल में सिपाही से लेकर आला अधिकारी तक अशरफ को मदद पहुंचाते रहे. बिना आईडी पर अशरफ से गुर्गे जेल के स्पेस में मिलते रहे. अतीक के भाई अशरफ अहमद को पीलीभीत के रहने वाले आरिफ की दुकान की चिकन बिरयानी पसंद थी. समय-समय पर वो बिरयानी की मांग करता था. जेल में ही उसे आरिफ की चिकन बिरयानी पहुंचाई जाती थी. जेल की कैंटीन में अशरफ की पंसद का चिकन, मटन, अंडा करी बनाई जाती थी. कई बार जेल में अशरफ की डिमांड पर बिरयानी के अलावा खाने-पीने के अलावा दूसरी चीजें भी पहुंचाई गयी. इतना ही नहीं बिरयानी वाले आरिफ की आईडी से अशरफ से कई लोग जेल में मुलाकात करने आते थे. आरिफ को इस बात की अच्छे से जानकारी थी. अशरफ को गैर कानूनी तरीके से मदद पहुंचाने के जुर्म में बिरयानी वाले आरिफ की भी गिरफ्तारी की गई है. पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ के लिए जेल सिर्फ होटल भर नहीं था, जेल में उसकी सारी डिमांड पूरी की जाती थी. अशरफ की पालतू बिल्ली जेल में उसके साथ ही रह रही थी. उसकी बिल्ली का खास ख्याल रखा जाता था. जेल अधीक्षक से लेकर निचले कर्मचारियों तक अशरफ की हर बात मानते थे. कुछ निचले स्तर के कर्मचारी न चाहते हुए भी जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला की हर बात मानने को मजबूर थे और उन्हें मजबूरन अशरफ की खातिरदारी करनी पड़ रही थी. जेल में अतीक के भाई अशरफ को मदद पहुंचाने को लेकर बरेली पुलिस ने जेल के सिपाही मनोज कुमार गौ?, शिव हरि समेत 11 को अरेस्ट किया गया था. आरोप है कि वह बिना आईडी अशरफ से अतीक गैंग के लोगों की मुलाकात करवाता था. 11 फरवरी को अशरफ ने बरेली जेल में शूटर से मुलाकात भी की थी. 28 मार्च को माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा हुई. इसके बाद उसे नैनी सेंट्रल जेल लाया गया.

## कर्नाटक चुनाव को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर कांग्रेस की बैठक, राहुल गांधी के साथ आगे की रणनीति पर मंथन



कर्नाटक में विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेजी से चल रही हैं. राजनीतिक पार्टियों की बैठकों का दौर शुरू हो गया है और इसी क्रम में कांग्रेस ने रविवार (09 अप्रैल) को अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास (10 राजाजी मार्ग) पर बैठक की है. इस बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा राहुल गांधी, मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला, केसी वेणुगोपाल और मोहन प्रकाश मौजूद रहे.बैठक का समय शाम को 4 बजे रखा गया था. इसमें बची हुई सीटों पर उम्मीदवारों के नाम और राज्य में आगे की रणनीति पर मंथन किया गया. फिलहाल कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस 166 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है और बाकी बची हुई सीटों के लिए चर्चा की गई.वहीं, कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के लिए केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी सहित अन्य बीजेपी नेता पार्टी मुख्यालय पहुंचे हैं.उधर, कोलार में होने वाली राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की रैली फिर टल गई है. इस बार राहुल की रैली 16 अप्रैल तक के लिए टल गई है. पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, रैली टलने की वजह कोलार विधानसभा सीट को लेकर फंसा हुआ पेंच है. पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया अपनी परंपरागत वरुणा सीट के अलावा कोलार से भी चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार इसके पक्ष में नहीं हैं. जिसकी वजह से कोलार सीट का मामला पार्टी हाईकमान पर छोड़ दिया गया है. कोलार पर फैसले में हो रही देरी के कारण राहुल की कोलार रैली की तारीख तीसरी बार बढ़ी है.सिद्धारमैया की दावेदारी के अलावा कोलार में राहुल गांधी की रैली इसलिए अहम है, क्योंकि अप्रैल 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान कोलार में ही राहुल ने ÷मोदी सरनेम÷ वाला विवादित बयान दिया था. जिससे जुड़े मानहानि केस में उन्हें बीते महीने दो साल की सजा हुई और लोकसभा सदस्यता भी खत्म हो गई

## भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था पाकिस्तानी, जवानों ने दबोचा

**नई दिल्ली।**सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात के बनासकांठा जिले से लगने वाली सीमा से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है. बीएसएफ ने बुधवार को ये जानकारी दी है. बीएसएफ की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुरक्षा बलों ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते देखा. सुरक्षा बलों की निगाह में



आया जिसे बनासकांठा जिले में सीमा चौकी (बीओपी) नदेश्वरी के पास एक द्वार से नीचे उतरा, उसे पकड़ लिया गया. बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, व्यक्ति की पहचान पाकिस्तान में नगरपारकर के निवासी दया राम के तौर पर हुई है. उसे बाड़ के भारतीय हिस्से में प्रवेश करने के लिए, एक बाड़ द्वार पर चढ़ते हुए देखा गया था.

## बीएसएफ जवानों पर स्थानीय लोगों ने बरसाए फूल


नई दिल्ली। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. इस बीच तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में उतरने की तैयारी कर रही है. चुनावों की तैयारियों के बीच प्रदेश की विधानसभा सीटों पर बीएसएफ जवानों की तैनाती शुरू हो गई है. इस दौरान एक अद्भुत नजारा देखने को मिला है जब कर्नाटक के कोलार जिले में पहुंचे बीएसएफ के जवानों पर आम लोगों ने फूलों की बरसात की. अपनी-अपनी छतों और बालकनियों में खड़े लोग बीएसएफ जवानों की टीम पर फूल बरसाते दिखाई दिए. एक छोटी बच्ची जवानों को गुलाब का फूल देती नजर आई. सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और लोग इसकी खूब तारीफें भी कर रहे हैं. कर्नाटक में मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है हालांकि जनता दल सेक्युलर भी दोनों पार्टियों को कड़ी चुनौती देती नजर आ सकती है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी पूरे 224 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी. वहीं इस बार एआईएमआईएम ने भी प्रदेश के करीब 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है. इस बार आम आदमी पार्टी भी कर्नाटक विधानसभा चुनावों में एंट्री लेने जा रही है. ऐसे में इस बार का मुकाबला काफी दिलचस्प होता नजर आ रहा है.

## सिंधिया के हमले पर कांग्रेस का पलटवार

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की सांसदी जाने पर विरोध प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने निशाना साधा तो कांग्रेस ने पलटवार किया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कौन किस पर दबाव डाल रहा है, ये समझना चाहिए. वहीं, अधीर रंजन चौधरी ने सवाल किया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया बताएं कि उनकी मांग क्यों गलत है. राहुल गांधी की सदस्यता जाने पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़ा बयान दिया था. सिंधिया ने कहा कि राहुल गांधी कानून से ऊपर नहीं हैं. उन्होंने कहा, कांग्रेस लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है.

## जालंधर उपचुनाव से पहले अकाली दल को लगा झटका, इंदर सिंह इकबाल में शामिल

अभी 3 दिन पहले ही जालंधर वेस्ट के पूर्व कांग्रेस विधायक सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं. आप ने उन्हें जालंधर लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है. सुशील रिंकू ने जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से 2012 में पहली बार चुनाव लड़ा था और तीन बार के विधायक और भगत चुन्नी लाल के बेटे ब्क्षक्के महिंदर पाल भगत को 17 हजार वोटों से हराया था. वहीं 2022 के विधानसभा चुनावों में रिंकु आप उम्मीद्वार शीतल अंगुरल से हार गए थे.कांग्रेस ने जहां पूर्व सांसद संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर चौधरी को जालंधर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है. वहीं बीजेपी और बसपा की तरफ से अभी अपने




उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है. जहां आम आदमी पार्टी की उपचुनाव में प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. क्योंकि वो संगरूर सीट पर हुई हार को दोबारा नहीं दोहराना चाहती. वहीं शिरोमणि अकाली दल ने इस सीट पर बसपा के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है. जल्द ही उनकी तरफ से भी उम्मीदवार की घोषणा की जा सकती है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा की तरफ से कहा गया कि जल्द उनकी पार्टी की तरफ से उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाएगी. वहीं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बीजेपी में शामिल होने की खबरों को भी खारिज कर दिया.

# चालान प्रभारी नही हटा पा रहे गांधी चौक का ठेला अतिक्रमण

## व्यपारी गांधी चौक नाम ठेला चौक रखने को मजबूर

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** एक तरफ जहां शिवपुरी शहर में चालनो की बाढ़ आई हुई है जिसको करने में पूरी यातायत पुलिस और सभी थानों की पुलिस पूरी तरह से कार्यवाही करने में लगी हुई है है वही दूसरी तरफ शहर के मुख्य चौराहा के गांधी चौक पर सुबह से लेकर शाम तक ठेले वालों द्वारा लगातार अतिक्रमण किया जा रहा हैं जिससे वहाँ पर दुकान करने बाले व्यपारी अत्यधिक परेशान हो रहे है व्यापारियों का कहना है की एक तरफ जहां यातायात पुलिस चालानी कार्रवाई कर रही है वही आधी रोड से अधिक ठेले वाले घेर लेते हैं जिससे दुकान पर आने वाला ग्राहक दूसरी दुकान की ओर चला जाता है क्योंकि उसको अपनी गाड़ी रखने के लिए जगह नहीं मिलती है जब अपनी दुकान के सामने से ठेले वालों को हटाया जाता है तो वह बोलते हैं कि हम तो रोड पर अपना ठेला लगाने के लिए नगर पालिका को टैक्स देते हैं और यातायात पुलिस द्वारा भी टैक्स लिया जाता है तो फिर हम अपना ठेला यहां से क्यों हटाए दुकानदार व्यापारी लोग जो अपनी दुकानों को सुबह से खोल कर बैठते हैं लेकिन दुकानें खुलने से पहले ही ठेले वाले उनकी दुकानों के सामने अपने ठेलों को लगा देते हैं जिससे उनकी दुकानदारी में कमी आती है



क्योंकि ग्राहकों को अपने वाहन खड़े करने के लिए जगह नहीं मिलती जिसकी वजह से ग्राहक ऐसी जगह पर जाना पसंद करते हैं जहां पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण ना हो रहा हो ग्राहकों का सोचना रहता है कि यदि ऐसी जगह पर हम अपने वाहनों को रखेंगे तो हो सकता है हमारे वाहनों का चालान कर दिया जाए लेकिन व्यापारी इन ठेले वालों से इतने परेशान हो गए हैं कि वह अपनी दुकान को चलाने के लिए ठेले वालों के आगे हाथ जोड़ने के लिए मजबूर हो गए हैं व्यापारियों का कहना है जहां एक तरफ नगर पालिका द्वारा रोज दुकानदारों पर किसी ना किसी प्रकार की अतिक्रमण की कार्यवाही की जाती है अभी हाल ही में की गई कार्रवाई में कभी नालियों को निकालने की कार्यवाही की गई जिसमें 15 से 20 हजार का नुकसान व्यापारियों का हुआ और उन्होंने अपनी दुकान के आगे नाली निकालने के लिए दुकान के आगे बने चबूतरो को तुड़वा दिया जिससे नाली निकल सके जिसके बाद भी ठेलो पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती और वह श्याम होते होते आधी रोड पर अपने ठेलो को लगा लेते हैं जिससे व्यापारियों के अंदर बहुत ही रोज है और वह गांधी चौक का नाम बदलकर ठेला चौक रखने को मजबूर हो रहे हैंवही एक तरफ जहां यातायात थाना द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है लेकिन वह यह ठेलो द्वारा हो रहे अतिक्रमण को हटाने में नाकाम साबित हो रहे हैं

# गर्मी के मौसम में बिजली का बिल घटाने के तरीके

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**गर्मी का मौसम आते ही जैसे-जैसे पारा चड़ता है,वैसे-वैसे आपका बिजली का बिल ना बड़े,इसके लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाये हैं–

**ए.सी. इस्तेमाल करने वालों के लिए:**ए.सी. के टेम्प्रेचर को 24 से 26 डिग्री के बीच सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर ए.सी. के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ए.सी. ज्यादा देर तक चलता है, इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और आपका बिल ज्यादा आता है। ए.सी. के साथ-साथ कमरे में पंखा भी चलाएं। ए.सी. के एयर फिल्टर को हर 10-15 दिनों में अच्छी तरह धोकर साफ करें फिल्टर में धूल जमने में आपको पूरी ठंडक नहीं मिलती और आपको ए.सी. ज्यादा देर तक चलाना पड़ता है। ए.सी. वाले कमरों के खिड़की-दरवाजे ए.सी.चलने के दौरान मजबूती से बंद रखें। यदि दरवाजे-खिड़कियों में झिरियां हों तो उन्हें थर्मोकोल आदि का इस्तेमाल कर सील कर दें।

**कूलर इस्तेमाल करने वालों के लिए-**कूलर से पूरी ठंडक पाने के लिए जरूरी है कि कूलर जितनी हवा फेंक रहा है उतनी हवा कमरे से बाहर निकलने का भी पूरा इंतजाम हो। कूलर के पैड यदि खराब हो गये हैं तो उन्हें बदलवा लें। कूलर के पंखे और पंप की आइलिंग ग्रीसिंग करा लें। कूलर के पंखे के कंडेंसर की जांच जरूर करायें। कूलर के रेगुलेटर की भी जांच करायें। इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर से बिजली कम खर्च होती है।

पंखे इस्तेमाल करने वालों के लिए-घर के सब पंखों की सर्विसिंग करा लें। खराब कंडेंसर,बाल बेयरिंग इत्यादि को तुरंत बदलवा लें। पंखे में इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर का इस्तेमाल करें।

**रेफ्रिजरेटर इस्तेमाल करने वालों के लिए-**रेफ्रिजरेटर में कोई खराबी न भी दिखायी दे रही हो तो गर्मी का मौसम ठीक से शुरू होने के पहले रेफ्रिजरेटर की जांच करा लें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा बार-बार ना खोलें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा ज्यादा देर तक न खुला रखें। दरवाजा बार-बार खुलने या ज्यादा देर खुला रहने से कंप्रेशर को फ्रिज का टेम्प्रेचर बनाये रखने में ज्यादा मेहनत लगती है। कंप्रेशर ज्यादा चलने से आपका बिजली बिल बड़ता है। एकदम गर्मागर्म खाना या दूध फ्रिज में न रखें। ऐसा करने से भी कंप्रेशर को ज्यादा देर चालू रहना पड़ता है और आपका बिजली बिल बड़ता है।

**सबके लिए कुछ जरूरी टिप्स-**अपने घर में बिजली की वही वायर और फिटिंग्स इस्तेमाल करें जिन पर आई.एस.आई. का मार्क है। वायरिंग पुरानी/खराब होने से भी बिजली ज्यादा खर्च होती है और घर में आग लगने का खतरा हो सकता है।बिजली की मरम्मत का काम लाइसेंसधारी ठेकेदार/इलेक्ट्रिशियन से ही करायें। सर्टिफिकेट/लाइसेंस देखने की मांग करें। घर में हर जगह ऊर्जा दक्ष एलईडी लाईट का ही इस्तेमाल करें।

# एंटी डोपिंग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आज एंटी डोपिंग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को डोप फ्री स्पोर्ट्स करने के लिए प्रेरित करना था।खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के के खरे ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम में एक्सपर्ट्स नाडा से डॉ.भूपेन्द्र शर्मा, पीईएफआई फ़ाउंडेशन से डॉ. जितेंद्र शर्मा और डॉ. योगेन्द्र शामिल हुए। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह और स्कूल शिक्षा विभाग से महेंद्र तोमर उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में 400 खिलाड़ी, प्रशिक्षक और स्पोर्ट्स टीचर्स उपस्थित रहे।

# पुलिस थाना पिछोर ने 24 घंटे के अंदर तीन स्थाई गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए जो कई वर्ष से वांटेड थे जिन्हें गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर,** पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पिछोर प्रशांत कुमार शर्मा के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना पिछोर टी आई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने 3 स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा ।नया चौराहा पिछोर से स्थाई गिरफ्तारी वारंटी अजय बाल्मीक पुत्र बद्री बाल्मिक उम्र 21 साल निवासी गरैठा को गिरफ्तार किया जो वर्ष 2020 के जुआ के प्रकरण में वांटेड था । सब्जी मंडी पिछोर से स्थाई गिरफ्तारी वारंटी सोहन लाल पुत्र बैजनाथ उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम नांद को गिरफ्तार किया जो वर्ष 2018 को सुजान लोधी निवासी ग्राम नांद को मारपीट करने , गालियां देने और जान से मारने की धमकी






देने के प्रकरण में वांटेड था ।सोहनलाल लोधी ने वर्ष 1988 में अपने चाचा सीताराम लोधी की हत्या भी की थी । भरतपुर सिद्ध बाबा के पहाड़ से स्थाई गिरफ्तारी वारंटी सालिक राम प्रजापति पुत्र मंगलिया उम्र 60 वर्ष निवासी भरतपुर इमलिया को गिरफ्तार किया । सालिक राम प्रजापति ने वर्ष 2021 में अपने गांव की पार्वती प्रजापति को अश्लील गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी थी इस प्रकरण में वह वांटेड चल रहा था। सालिक राम प्रजापति पुलिस से बचने के लिए बाबा बन गया था जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,जहांन सिंह, प्रधान आरक्षक ,हिमांशु चतुर्वेदी, हीरा सिंह पाल ,संतोष यादव ,राघवेंद्र चौहान ,घनश्याम सिंह परमार, आरक्षक देशराज सिंह गुर्जर, प्रदीप कौरव ब्रजराज ,कमल सिंह मांझी रूपेंद्र यादव, रवि कौरव, बचान सिंह तोमर, माधव शर्मा व मांगीलाल गुर्जर शामिल रहे

# चोराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भिंड ग्वालियर हाईवे रोड पर तीन दुकानों में आग लगने से सिलेंडर फटा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भिंड ग्वालियर हाईवे रोड पर रात्रि लगभग 12 बजे के बाद शराब ठेका के पास बांस बल्ली की बनी हुई कच्ची तीन दुकानों में अचानक से आग लग गई जिससे दुकानों में रखा हुआ पूरा सामान जलकर खाक हो गया वहीं दुकानों में रखे हुए सिलेंडर में भी ब्लास्ट हो गया आग की सूचना मिलते ही पुलिस एवं फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची जहां आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकानों में रखा हुआ सामान जलकर खाक हो गया

# शिवपुरी कलेक्टर ने किया फेरबदल:जिले को 5 नए नायब तहसीलदार मिले, 11 तहसीलदार व नायब तहसीलदार को दिया प्रभार

## प्रमोद सिंह तोमर को नायब तहसीलदार खनियांधाना शिवशंकर गुर्जर को प्रभारी तहसीलदार पिछोर बनाया



**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**शिवपुरी**-शिवपुरी जिले में पांच नए नायब तहसीलदार मिलने के बाद अब शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार ने खाली पदों को भरते हुए शेष अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है।शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के कार्यालय से जारी सूची में सिद्धार्थ भूषण शर्मा को शिवपुरी शहरव ग्रामीण का प्रभारी तहसीलदार बनाया गया है। इसके अलावा निशा भारद्वाज को प्रभारी तहसीलदार कोलारस, ज्योति लाक्षाकार को प्रभारी तहसीलदार बैराड़, बीके शर्मा को नायब तहसीलदार वृत्त गोवर्धन, प्रमोद सिंह तोमर को नायब तहसीलदार खनियांधाना, रामनरेश सिंह आर्य को नायब तहसीलदार खोड़, कल्याण सिंह जाटव को नायब तहसीलदार बदरवास, शिवदयाल शर्मा को नायब तहसीलदार रन्नौद, किरण सिंह को नायब तहसीलदार मगरौनी, अरुण गुर्जर को प्रभारी तहसीलदार बदरवास एवं शिवशंकर गुर्जर को प्रभारी तहसीलदार पिछोर बनाया गया

# कदलीमुड़ा में नए यात्री प्रतीक्षालय की जरूरत ,जीर्ण शीर्ण अवस्था मे यात्री प्रतीक्षालय अनहोनी को कर रहा आमंत्रित

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** - विधायक मद से यात्री प्रतीक्षालय की स्वीकृति मिल रही है लेकिन ग्राम पंचायत कदलीमुड़ा में वर्षो पुरानी यात्री प्रतीक्षालय जर्जर होकर किसी अनहोनी को आमंत्रित कर रहा है आलम यह है कि यात्री अब इस जगह पर रुकना तो दूर समिप तक जाना पसंद नही करता ,गांव के युवा मनमोहन नेताम बताते है की ग्राम पंचायत कदलीमुड़ा में तात्कालिक सरपँच स्व॰ वासुदेव नेताम के द्वारा वर्ष 1996 - 97 में जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत तकरीबन 22 हजार रुपये की लागत से यह यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया था लेकिन आज पर्यंत तक जर्जर यात्री प्रतीक्षालय की सुध किसी भी जनप्रतिनिधियों ने नही लिया आपको बता दे कि वर्ष 1996 - 97 में तत्कालीन अनुविभाग व वर्तमान जिला मुख्यालय गरियाबंद के सिवाय कहि पर भी यात्री प्रतीक्षालय नही बना था लेकिन तत्कालीन सरपंच वासुदेव नेताम की सक्रियता के कारण यात्री प्रतीक्षालय बन पाई थी ,जर्जर अवस्था मे पड़ी यात्री प्रतीक्षालय की मरम्मत की सुध अब तक ग्राम पंचायत



ने भी नही लिया ,ग्रामीण मनमोहन नेताम ने बताया कि नए यात्री प्रतीक्षालय की मांग को लेकर के कई मर्तबे आवेदन देकर थक चुके हैं लेकिन उन्हें वर्तमान सरकार से उम्मीद है कि बहुत जल्द यात्री प्रतीक्षालय की स्वीकृति प्रदान की जावेगी ।**यात्री प्रतीक्षालय बनाने के पीछे की वजह**-तात्कालिक सरपंच स्व॰ वासुदेव नेताम किसी काम से गरियाबंद गए हुए थे तभी बस से उतरते ही जोरदार बारिश हुई कहि पर भी सर छुपाने के लिए जगह नही थे शिवाय बड़े बड़े पेड़ो के ,उनके साथ ओड़िसा के 5 लोग भी छोटे छोटे बच्चो के साथ उतरे वो भी बारिश में भीग गए थोड़ी सी बारिश थमने के बाद सरपंच नेताम ने उन्हें अपने घर लेकर आये और उनके ठहरने और भोजन की ब्यवस्था व रुकने का इंतजाम करवाया ,फिर उन्होंने अगले सुबह की प्रण कर लिया कि यात्री प्रतीक्षालय बनाना नितांत आवश्यक है ,फिर पंचायत की बैठक बुलाकर तुरन्त ही भूमिपूजन कर आनन फानन में लगभग 22 हजार रुपये की लागत से जवाहर रोजगार योजना के तहत यात्री प्रतीक्षालय बनवाई लेकिन अब यह यात्री प्रतीक्षालय जीर्णोद्धार की बाँट जोह रहा है जरूरत है नए यात्री प्रतीक्षालय की ।

## गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से खुश है ग्रामीण जन

# अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।**ग्राम पंचायत खजरी के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अक्षय प्रसाद बताते है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खजरी में 12 तरह की जाँचे की जाती हैं जिसमें मुख्यत॰ बीपी, शुगर एवं गर्भवती महिलाओं की सारी जांच की जाती हैं। जहाँ गर्भवती महिलाओं का वेट चेक होता है।ग्राम पंचायत खजरी में गर्भवती महिलाओं को रजिस्टर्ड किया जाता है, इसके बाद सरकार से जो मानदेय राशि दी जाती है वह इनके खाते में आ जाती है। उन्होंने बताया स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिये आई कुसुम रानी के हाथ-पैर दुख रहे हैं, इनकी शुगर और बीपी की जांच की गई है, बीपी और शुगर दोनों बड़े हुए हैं, इनको कल दोबारा फॉलोअप के लिए भी बुलाया है, यदि कल भी बीपी और शुगर बढ़ा हुआ आएगा तो इनकी मेडिसिन चालू की जायेंगी। उन्होंने बताया सरकार की यह एक सुविधा और है यहा से ही शुगर और बीपी की दवाई इनको निःशुल्क मिलेगी। यहां पर टीबी के उपचार की भी सुविधा प्रारंभ हो गई है, टीबी के लिए जांच सैंपल यहां



से भेजे जाते हैं, रिपोर्ट आने पर यहां से दवाईयां चालू की जाती है वह भी निशुल्क दी जाती है। ग्राम पंचायत खजरी निवासी जानकी पटेल बताती हैं कि स्वास्थ्य केंद्र खजरी में जांच के लिए आई हूं, यहां पर स्वास्थ्य संबंधित सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां पर डॉक्टर द्वारा निशुल्क उपचार किया जाता है और दवाईयां भी दी जाती है। वे कहती है स्वास्थ्य केंद्र में मैरे और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिये खान पान संबंधी जानकारी भी दी जाती हैं। वे कहती है हमारे गांव में ही मुख्यमंत्री ने स्वस्थ्य की अच्छी सुविधा कर दी है इसके लिये वह उन्हें धन्यवाद देती है ग्राम खजरी निवासी संजू पटेल बताती हैं कि खजरी स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य संबंधी जो भी सुविधा दी जा रही है वे बहुत ही अच्छी सुविधाएं हैं। गांव में ही स्वास्थ्य संबंधी जांच की सुविधा प्रदान करने के लिए वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बहुत-बहुत धन्यवाद कर रही है। वे बताती हैं यहां पर निशुल्क दवाइयां दी जाती हैं और समय-समय पर चेकअप भी किया जाता है।

## छुरा नगर के हाट बाजार में पेयजल के लिए तरस रहे हैं लोग

# छुरा के हाट बाजार में पहुंचे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**छुरा।** गरियाबंद जिले के छुरा के हाट बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी का सामना कर दूर-दूर से आते हैं। लेकिन उन्हें यह पता नहीं है कि लाखों रुपया खर्च कर बना राइट वाटर मशीन हैं जो काफी दिनों से खराब है।जिम्मेदार अधिकारीगण मौन है। बाजार हाट में बैठे बुजुर्गो से बात करने पर कहा की सरकार की बड़ी बड़ी बातें सिर्फ भाषण में अच्छा लगता है। जमीनी हकीकत कुछ और ही होता है। बाजार हाट में आए महिला व पुरुषों के लिए प्रसाधन की व्यवस्था नहीं है।दरवाजा टूटा गंदगी युक्त है। इससे निकलने वाले बदबू से लोग बिमार पड़ सकते है। वही गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य, समाजसेवी मनोज पटेल ने बाजार घूम कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखकर समस्या का समाधान की मांग किए हैं।



# 14 अप्रैल को पूरे मध्य प्रदेश से समाजवादियों का जत्था मऊ पहुंचेगा: नीरज यादव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सपा अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस की**

**भिण्ड ।** आगामी 14 अप्रैल 2023 अम्बेडकर जयंती पर मऊ में बडी तादात में समाजवादी पार्टी सम्मिलित हो रही है, जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुचेगे भिंड प्रेस कॉन्फ्रेंस में सामाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने बताया 14 अप्रैल को मऊ में बडी ही तादात में समाजवादियों का जत्था मऊ पहुंचेगा अध्यक्ष ने कहा आने वाले आगामी विधान सभा चुनाव में भिंड जिले की पांचों विधान सभा सीटों पर चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों को उतारा जा रहा है,प्रदेश सचिव वीके बोहरे का कहना है आने आने वाले समय में मध्यप्रदेश समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल का दौरा रहेगा जिसने पूरे प्रदेश से हर विधान सभा से समाजवादी पार्टी एक बड़ी मजबूती से मैदान में उतारा



जायेगा,प्रदेश सचिव वीके बौहरे का कहना मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी एक बड़े ही रूप में उभर कर सामने आएगी जो समाजवादी सरकार बनाने में सच्छम साबित होगी। भिंड सर्किट हाउस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष नीरज यादव के नेतृत्व में श्यामजीत भुडोलिया को जिला उपाध्यक्ष एवं लहार विधान सभा प्रभारी बनाया गया प्रदेश सचिव वीके बौहरे, जिला उपाध्यक्ष राधा मोहन यादव,जिला उपाध्यक्ष अशोक दंडोतिया, जिला उपाध्यक्ष डीके यादव, सूरज बघेल ,मुलायम सिंह यादव, ब्रिगेडियर जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, कैप्टन श्यामजीत भुडोलिया,लहार विधानसभा प्रभारी भूपेंद सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कोपसिंह यादव,जिला मीडिया प्रभारी सतेंद्र यादव,अखिलेश यादव किटी जैसे पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# पुलिस ने रात्रि मे होटल, लॉज, धर्मशाला का किया औचक निरीक्षण

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

## 80 क्वाटर देशी शराब तथा 24 वियर कैन बरामद



**भिण्ड ।** पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त सक्सैना के निर्देशन में रात्रि मे होटल, लॉज, धर्मशाला के औचक निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया था, इसके अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में जिला भिण्ड के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी को होटल / लॉज / धर्मशाला / सराय एवं मैरिज गार्डन को चैक करने तथा वहाँ रुके हुये व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन कर रिकॉर्ड रखने के दिशा निर्देश दिये गये थे।उक्त चैकिंग अभियान के अन्तर्गत दिनांक 8 अप्रेल 2023 को रात्रि 11 बजे जिला भिण्ड के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने थाना बल के साथ अपने - अपने क्षेत्र के होटल, लॉज, धर्मशाला, मैरिज होम, ढाबा एवं मैरिज गार्डन का औचक निरीक्षण कर चैकिंग की गयी, जिसमें जिला भिण्ड के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों क्षेत्र में चल रहे होटल, लॉज, धर्मशाला, ढाबा, मैरिज हॉम एवं मैरिज गार्डन की चेकिंग के दौरान वहाँ पर रुके हुये व्यक्तियों के बारे मे सत्यापन किया गया साथ ही साथ रजिस्टर भी चैक किये गये तथा वहाँ रुकने वाले व्यक्तियों की पहचान पत्र भी देखे गये । उक्त अभियान के दौरान होटल, लॉज, धर्मशाला, ढाबा मैरिज गार्डन के मालिको को समझाइश भी दी गयी कि रुकने बाले व्यक्तियों के पहचान पत्र आवश्यक रुप से लिये जाय और किसी भी प्रकार का नशा नही करने दिया जाय और साथ ही कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखायी देता है, तो उसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित थाना को दी जाय उक्त अभियान में जिले के कुल होटल - 21 लॉज, धर्मशाला- 14 एवं मैरिज होम - 34, ढाबें 46 को रात्रि मे चैक किया गया। उक्त चैकिंग मे 02 ढाबों से कुल 80 क्वाटर देशी शराब तथा 24 वियर कैन बरामद कर आबकारी अधिनियम की कार्यवाही की गयी और समस्त जिलें में चेकिंग चलाकर व्यक्तियों की चैकिंग की गयी तथा अन्य राज्य के ठहरे हुये व्यक्तियों से उनके नाम व पता तथा वह किस कारण से रुके हुये है तथा कब से कब तक रुकेंगे यह भी तस्दीक किया गया।समस्त होटल / लॉज / धर्मशाला संचालकों को पुलिस द्वारा समझाइश दी गयी कि प्रत्येक रुकने वाले व्यक्ति का फोटो युक्त पहचानपत्र अवश्य प्राप्त करें एवं उसका रिकॉर्ड संधारित करें तथा अपने संस्थान मे सीसीटीव्ही कैमरे आवश्यक रुप से लगायें। किसी भी प्रकार के सदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# कॉंग्रेस द्वारा आयोजित समाज जोड़ो सम्मेलन

## कॉंग्रेस को मजबूती प्रदान करेगें : जयश्रीराम बघेल





**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । रविवार को नवीन जेल रोड (हरवंश का खोड़) फल मण्डी के पास कार्तिक नगर में बदन सिंह बघेल के बाड़े में बघेल (पाल) समाज द्वारा सी0आर0टी0 पैलेस वनखण्डेश्वर रोड़ मेहगाँव में आयोजित विशाल सदभावना सम्मेलन की तैयारी की जानकारी देने हेतु पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गयाजिसमें मप्र कॉग्रेस कमेटी के महामंत्री जयश्रीराम बघेल एडवोकेट एवं मप्र कांग्रेस पाल समाज के अध्यक्ष रामशेष बघेल ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मप्र कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने मप्र कॉग्रेस समाज समन्वय प्रकोष्ठ बघेल पाल समाज का गठन कर अटेर क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक हेमन्त कटारे की अनुशंसा से बघेल पाल समाज के लिए जयश्रीराम बघेल को प्रदेश संरक्षक एवं रामशेष बघेल को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।
अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों ने बताया है कि भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस के अध्यक्ष मल्लका अर्जुन खडगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी तथा मप्र कॉग्रेस कमेठी के अध्यक्ष कमलनाथ की भावना के अनुरूप मप्र में बघेल पाल समाज एवं अन्य समाजों को भी कॉग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने एवं उनके संरक्षण के लिए कार्य करेगें। बघेल ने बताया है कि टीकमगढ़ एवं मुरैना में कॉग्रेस समाज समन्वय प्रकोष्ठ की विशाल आमसभा सम्पन्न हो चुकी है। जिसमें दोनों प्रदेश पदाधिकारियों ने शिरकत की थी। 11 अप्रैल को सीआरटी पैलेस वनखण्डेश्वर रोड़ मेहगांव में बघेल पाल समाज द्वारा विछ?ावर्ग, अनु0जाति, अल्पसंख्यक समाज के समन्वय हेतु महात्मा ज्योतिराव फुले की जयन्ति के उपलक्ष में विशाल सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।सम्मेलन के आयोजक बडी संख्या में जिले भर में भ्रमण कर सम्मेलन में उपस्थिति हेतु सम्पर्क कर रहे है।मुख्य अतिथि एड.जयश्रीराम बघेल एवं अध्यक्ष रामशेष बघेल का काफिला गोले का मंदिर ग्वालियर से चलकर मालनपुर, गोहद चौराहा होते हुए मेहगाँव आम सभा में पहुंचेगा। रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जावेगा। शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना प्रभारी मालनपुर, थाना प्रभारी गोहद चौराहा, थाना प्रभारी मेहगाँव को कार्यक्रम के आयोजक द्वारा जानकारी दे दी गयी है।
श्री बघेल ने बताया है कि मप्र में जंगलराज कायम है आम जनता मेहगाई से नौजवान बेरोजगारी से परेशान है। भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार संविधान विरोधी एवं प्रजातंत्र विरोधी होकर तानाशाही शासन की तरह काम कर रही है। मप्र सरकार पूरी तरह कर्ज में डूबकर दिवालिया होने की स्थिति में है। इस लिए शासकीय सम्पत्ति एवं उपकर्मों को बेचना प्रारंभ कर दिया है।
कॉंग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर करने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा एवं समाज जोड़ो सम्मेलन जैसे कार्यक्रम चलाकर जनजागृति पैदा कर रही है। कॉंग्रेस पार्टी जाति धर्म भाषा क्षेत्रियता से ऊपर उठकर अनेकता में एकता बनाये रखने के लिए कृति संकल्पित है। कॉंग्रेस पार्टी जनकल्याणकारी संस्था होकर जनहित में सत्ता पक्ष की जनविरोधी नीतियों के विरूद्ध सदैव संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज,अटेर जनपद के पूर्व अध्यक्ष अरविंद बघेल, कांग्रेस नेता महेश जाटव, विकलांग बल के सौरभ पाल सहित अनेक सामाजिक लोग मोजूद रहे।
**प्रेसवार्ता से पहले किया यज्ञ हवन कार्यक्रम** - प्रेसवार्ता से पहले गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने वाली शिक्षक बदन सिंह बघेल की दोनो पुत्रियां कु. ललिता बघेल,और कविता बघेल के द्वारा संस्कृत में विधि विधान से मंत्रोचार कर आयोजको के द्वारा यज्ञ हवन संपन्न कराया। और कार्यक्रम की सफलता और आपसी सदभाव के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# खरगोन सब्जी मंडी बगिचे में वरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चर्चा की गई



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे की रिपोर्ट**

आज खरगोन नगर की सब्जी मंडी बगिचे में 45 से 50 कर्मचारी शिक्षक म,प्र, विधुत विभाग पंचायत सचिव अजाक्स द्रारा विचार विमर्श के लिए बैठक रखी गई जिसमें आगामी 16 अप्रैल को पेंशन संवैधानिक मार्च लगभग 5000 कर्मचारी रैली निकाल कर पुराने कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम खरगोन एसडीएम ओमनारायण सिंह को ज्ञापन दिया जायेगा ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम से चर्चा भी करेंगे ?ओर कहेंगे की हमारी समस्या को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंचाया जाये हम सभी कर्मचारियों द्वारा शासन प्रशासन को समय समय पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अवगत कराते रहे सभी कर्मचारियों ने एकत्रित होकर यह निर्णय लिया गया की दिनांक 16/4/2023 को रैली निकाल कर पुराने कलेक्टर कार्यालय परिसर पर मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के नाम खरगोन एसडीएम ओमनारायण सिंह को ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमें खरगोन जिला अध्यक्ष ग्यारसी लाल पटेल ठ्ठद्वश्श्चह्य दिनेश पटेल प्रभारी ठ्ठद्वश्श्चह्य अतिक खान खरगोन जिला अध्यक्ष अपाक्स ह्ल2ह्लड्ड सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रहेगी अगर सरकार ने हमारी जायज़ मांग को नहीं सुना गया तो आगामी समय में प्रदेश लेवल के पदाधिकारियों द्वारा जो आदेश दिया जायेगा वैसे ही हम काम करेंगे

# गर्मी अपने चरम सीमा की ओर नगर परिषद द्वारा नहीं कि गई प्याऊ की व्यवस्था

**पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

नगर परिषद ने लोगों को प्यास बुझाने के लिए अब तक एक भी जगह सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था नहीं जिसके कारण लोगों को पानी पीने के लिए भटकना पढ़ रहा है लगभग 10 दिन से तेज धूप गर्मी से लोग बेहाल हो रहे है नगर के मेन चौराहो पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को मिठाई की दुकानों की टंकी या फिर रोड के किनारे कहीं लगे हैंडपंपों से अपनी पास बुझानी पड़ रही है वही नगरवासियों ने नगर परिषद अधिकारियों से जल्द से जल्द सार्वजनिक प्याऊ लगाने की मांग की है यह बता दे कि पिछले कई दिनों से धीरे-धीरे तापमान पढ़ रहा है ऐसी स्थिति में बाजार आने वाले लोगों और चौराहे स्टैंड पर खड़े यात्रियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए परेशान होना पड़ है लोगों का कहना है कि नगर में सार्वजनिक स्थानों पर पीने से पानी की कोई व्यवस्था नहीं है चौराहों पर प्याऊ ना होने से ऐसी स्थिति में लोगों को होटल की टंकी या रोड किनारे लगे हैंडपंपों पानी पिकर अपनी बुझा रहे हैं

**प्यास से बेहाल मवेशी पानी का इंतजाम नहीं**-इस वर्ष गर्मी का तापमान रिकॉर्ड तोड़ देगा ऐसा लग रहा है नगर की सड़कों पर आवारा घूम रहे मवेशियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है नगर परिषद द्वारा न तो लोगों के लिए न ही मवेशियों के लिए व्यवस्था नहीं है मवेशी नालियों और गड्ढों में भरे पानी पी रहे हैं इस बर्ष अप्रैल के महीने में मई जैसी गर्मी शुरू हो गई है मगर अभी तक नगर में सार्वजनिक प्याऊ के लिए कोई कार्य योजना तैयार नहीं की है वही नगर परिषद द्वारा हर बर्ष पानी के लिए ठेका दिया जाता है लेकिन इस साल अप्रैल माह के नौ दिन गुजर जाने के बाद भी पीने के पानी कोई व्यवस्था नहीं है रविवार को





कूछ मुसाफिरों ने ग्वालियर से मालनपुर बस स्टॉप मालनपुर पर उतर कर चौराहे पर प्याऊ कि अवस्था नहीं होने से दुकान से 20 रूपए की बोतल खरीद कर पानी पड़ा रहा है मानसिंह उर्फ पप्पू जाटव ने का कहा है कि में गोहद से लोटा तो मालनपुर चौराहे पर प्याऊ न होने से 20 रूपए की बोतल खरीद कर यात्री को जो पानी तलाश रहा था उसको पीने के लिए दिया परिषद में हम प्याऊ के लिए प्रस्ताव रखेंगे ईसी कृम में सेक्टर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मालनपुर कुंदन सिंह तोमर का कहना है कि चौराहों और सार्वजनिक जगह पर प्याऊ की व्यवस्था होनी चाहिए अभी तक नहीं हूई

**इनका कहना है कि**

नगर परिषद स्वच्छता इस्पेक्टर कहना है कि सुकृति हो गई है जल्दी नगर के चौराहों एवं सार्वजनिक जगहों पर पानी पीने की व्यवस्था की जाएगी

**राघवेंद्र शर्मा स्वच्छता इस्पेक्टर**
**नगर परिषद मालनपु**

# शिक्षक का व्यवहार ठीक ना होने पर ग्रामीणों ने लगाई सीएम हेल्पलाइन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** एक शिक्षक का स्कूल में बच्चों व ग्रामीणों के प्रति रवैया व व्यवहार ठीक ना होने पर उसकी शिकायत शिक्षा विभाग के अफसरों से ग्रामीणों व सरपंच ने कई बार की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई तो जामना पंचायत के लोगों ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर लगाई जिसके बाद गांव में मौके पर शिक्षा विभाग की ओर से जांच दल मौके पर पहुंचा तो प्रभारी किशन शाक्य स्कूल में नहीं मिले और एक शिक्षिका भदौरिया मिली जिनके सामने टीम ने बारीकी से खाना बनाने वाली रसोईया, ग्रामीणों से बात की तो उन्होंने बताया कि जामना शासकीय प्राथमिक स्कूल में शिक्षक किशन शाक्य बच्चों से पानी भर बातें हैं,प्रतिदिन झाड़ू भी लगवाते हैं इतना ही नहीं कोई स्कूल में पालक या ग्रामीण व सरपंच जाते हैं तो वह गालियां देते हुए हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी भी देते हैं यह आरोप ग्रामीणों ने जांच दल के सामने लगाए शिक्षा विभाग से जांच दल 10 ¬40 पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचा था लेकिन स्कूल प्रभारी किशन शाक्य विद्यालय में उपस्थित नहीं मिले जिसके बाद निरीक्षण दल ने फोन पर चर्चा की तो यह शिक्षक 11¬10 पर स्कूल में पहुंचे और अरुणा भदोरिया विद्यालय में मिली एवं अन्य शिक्षिका संगीता भदौरिया 7 अगस्त 2022 से अटैचमेंट पर बताई गई जिसका पत्र जांच दल ने प्रभारी से मांगा तो वह पत्र दिखा ना सके इसके साथ ही खाना बनाने वाली बाई से बातचीत की तो उन्होंने बताया समय पर खाना नहीं बनता है और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कभी - कभी खाना बनता है वह भी मीनू अनुसार कभी नहीं बनता है स्कूल के प्रभारी की मनमर्जी से खाना कभी-कभी बनता हैजामना प्राथमिक स्कूल में लगातार साला प्रभारी किशन शाक्य के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है और ग्रामीण जनों से अभद्र व्यवहार करते रहते हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है और ग्रामीणों ने मांग की है कि उनको इस स्कूल से हटाकर किसी अन्य स्कूल में पदस्थ किया जाए ताकि जामना के स्कूल का वातावरण अच्छा बना रहे।जांच दल निरीक्षण के दौरान प्रभारी मिले अनुपस्थित, संगीता भदौरिया का बताया अटैचमेंट ग्रामीणों के सामने कार्यवाही के लिए पंचनामा किया तैयार।

# लू (तापघात) से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी

**पंकज त्रिपाठी**
**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** गर्मी का मौसम प्रारम्भ होने वाला है। गर्मियों के मौसम में वातावरण में अधिक तापमान के बदलाव से लू लगने की संभावना होती है। इसके साथ-साथ खाद्य व पेय पदार्थों के दूषित होने की संभावनाऐं भी ब? जाती हैं। जिसके लिये जिले में पूर्व में ही अलर्ट जारी किया गया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित चर्चा के दौरान डॉ एस.के. व्यास, डी.एच.ओ.-1, डॉ आलोक शर्मा, डी.एच.ओ.-2, डॉ डी.के. शर्मा, डी.एच.ओ.-3 एवं डॉ अवधेश सोनी, महामारी नियंत्रक की उपस्थिति में लू (तापघात) से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.पी.एस. कुशवाह ने बताया कि आमजन धूप व गर्मी से बचें। घर के अंदर हवादार, ठंडे स्थान पर रहें। यदि बाहर कार्य करना अति आवश्यक हो तो-बाहरी गतिविधियां सुबह व शाम के समय में ही करें। अत्याधिक शारीरिक श्रम वाली गतिविधियां दिन के अधिकतम तापमान वाले घंटों में न करें। सफेद व हल्के रंग के पतले वस्त्रों का उपयोग करें, सिर को कप? या टोपी से ?कें। जूते-चप्पल तथा नजर के काले चश्में (गॉगल) का प्रयोग करें। धूप में जाने से पहले भोजन व पर्याप्त पानी लेवें। अधिक से अधिक पेय पदार्थों (नान अल्कोहॉलिक) जैसे नींबू पानी, लस्सी, छांछ, जलजीरा, आमपना, दही, नारियल पानी आदि का सेवन करें। ताजा एवं स्वच्छ भोजन का सेवन करें।शिशुओं तथा बच्चों, 65 वर्ष से अधिक आयु के महिला व पुरूष घर के बाहर काम करने वाले, मानसिक रोगियों तथा उच्च रक्तचाप वाले मरीजों का विशेष ध्यान रखें। बंद गा?ी के अंदर का तापमान बाहर से अधिक होता है अतः कभी भी किसी को बंद पार्किंग में रखी गा?ी में अकेला न छो?ें। बहुत अधिक भी?, गर्म घुटन भरे कमरों, रेल, बस आदि में यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। यदि किसी व्यक्ति को लू लगने का संदेह होता है तो उसे तत्काल ठण्डे स्थान पर रखें। पानी, छांछ व अन्य तरल पदार्थों को पर्याप्त मात्रा में लेवें। यदि आराम न लगे तो तुरंत निकट के शासकीय या निजी चिकित्सायल में उपचार कराऐं।

## संपादकीय

# लापरवाही न बरतें

*देशभर में कोविज-19 के मामलों में तेजी से उछाल देखा जा रहा है। शुक्रवार को देश में कोरोना के 6 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की है। देश में कोरोना वायरस का प्रभाव कम जरूर हो गया है, अपना जैसा व्यापक और खतरनाक रूप यह दिखा चुका है उस मुकाबले अभी स्थिति बहुत बेहतर है। यह बात भी सही है कि फिलहाल इसके उस रूप में वापसी के कोई आसार नहीं लगते। बावजूद इसके यह मानना सही नहीं है कि कोरोना समाप्त हो गया है या इसका खतरा पूरी तरह टल चुका है। सचाई यह है कि छोटे स्तर पर ही सही, मगर इस वायरस का खेल अभी भी चल ही रहा है। इसका नया वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 है जिसने दूसरे वेरिएंट्स की जगह ले ली है और तेजी से फैल रहा है। हाल के दिनों में इसके प्रसार में आई तेजी के पीछे यही नया वेरिएंट है। गुरुवार को देश भर में 24 घंटे के अंदर 5,335 नए मामले दर्ज हुए, जो पिछले 195 दिनों में 24 घंटे की अवधि में दर्ज हुई सबसे ज्यादा संख्या है। इसके अगले दिन शुक्रवार को यह संख्या बढ़कर 6050 हो गई। जाहिर है, वायरस के प्रसार में आई इस तेजी की अनदेखी नहीं की जा सकती। हालांकि यह संख्या भी खतरनाक नहीं कही जा सकती। यह बात भी सही है कि वायरस का नया वेरिएंट वैसा मारक नहीं है। इससे संक्रमित होने के बाद सामान्य मरीज को बुखार होता है, जो धीरे-धीरे चढ़ता है, सिरदर्द, बेचैनी और गले में तकलीफ भी होती है, लेकिन एक-दो दिनों में ही यह ठीक भी हो जाता है। इससे मौत का अनुपात काफी कम है। लेकिन यह फैलता काफी तेजी से है। इस पर नजर रखने की सलाह दी है। अब तक का अनुभव बताता है कि कोरोना वायरस न केवल रूप बदलता है बल्कि अपनी क्षमता में भी इजाफा कर सकता है। ऐसे में नहीं कहा जा सकता कि इसका जो रूप कम खतरनाक नजर आ रहा है, वही फैल जाने के बाद नए रूप में ज्यादा खतरनाक नहीं हो जाएगा। स्वाभाविक ही, केंद्र सरकार ने इस पर कड़ी नजर बनाए रखी है। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में ताजा हालात के साथ संभावित चुनौतियों से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। कई राज्य सरकारों ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने को लेकर नए निर्देश भी जारी किए हैं। जहां तक आम लोगों की बात है तो फिलहाल किसी तरह की घबराहट की कोई बात नहीं है। लेकिन बुजुर्गों और किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए विशेष सावधानी जरूरी है। और हां, जिन लोगों ने वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज नहीं ली है, वे जितनी जल्दी ले लें उतना बेहतर। आखिर इस अनदेखे दुश्मन से निपटने का सबसे कारगर हथियार लोगों की सावधानी ही साबित हुआ है।*


# अडानी, जेपीसी, सावरकर पर अलग रुख

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार का एक निजी समाचार चैनल के साथ इंटरव्यू सुर्खियों में हैं. इसमें शरद पवार ने हिंडनबर्ग-अडाणी प्रकरण, जेपीसी की मांग से लेकर विपक्ष की चुनावी रणनीति से जुड़े हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी बातें रखी. सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि उन्होंने हिंडनबर्ग-अडाणी प्रकरण में कांग्रेस की जेपीसी की मांग से जुड़े मुद्दे पर अलग राय रखी है. इसके बावजूद उन्होंने एक बात कही है जो उनके राजनीतिक सूझबूझ और वक्त की जरूरत को ही दर्शाता है. उन्होंने कहा है कि विपक्षी एकता में कांग्रेस को नजरअंदाज करना सही नहीं है. हम सब जानते हैं कि कांग्रेस पिछले कई दिनों से हिंडनबर्ग-अडाणी प्रकरण में संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी की मांग करते आ रही है. इस मुद्दे को कांग्रेस ने संसद के बजट सत्र में भी जोर-शोर से उठाई. बजट सत्र के दौरान इस मसले पर संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित भी हुई. दरअसल शरद पवार अपने बयान से जो बताना चाह रहे हैं कि वो उनके पुराने अनुभवों का ही लुब्ब-ए-लुबाब या निचोड़ है. उन्हें अच्छे से पता है कि जेपीसी में सत्ताधारी पार्टी के सदस्यों की संख्या ज्यादा होती है, वैसे में इसकी रिपोर्ट में सरकार को कटघरे में खड़ा करने का सवाल ही नहीं पैदा होता है. चाहे बोफोर्स तोप खरीद का मामला हो, या फिर हर्षद मेहता कांड, चाहे केतन पारेख से जुड़ा मामला या फिर सॉफ्ट ड्रिंक में पेस्टिसाइड का मामला..इसके अलावा 2 जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले में भी जेपीसी का गठन किया गया था. पुराने अनुभव यहीं बताते हैं कि जिन मामलों में भी विपक्ष की ये मंशा रही है कि वो जेपीसी के जरिए सरकार को घेर सकती है,ऐसा कभी नहीं हुआ है. मौजूदा वक्त में तो सरकार के पास संसद में संख्या बल विपक्ष से काफी ज्यादा है और यहीं बात शरद पवार जेपीसी की मांग अड़े विपक्षी पार्टियों को समझाना चाह रहे हैं. शरद पवार ने उदाहरण देकर भी समझाया कि अगर अभी जेपीसी का गठन होता है और उसमें 21 सदस्य रहें, तो संख्या बल की वजह से 15 सत्ता पक्ष से होंगे और विपक्ष से महज 6 सदस्य होंगे. ऐसे में इस समिति की रिपोर्ट सरकार के पक्ष में ही आएगी, जैसा कि अमूमन होता है. हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि हिंडनबर्ग अडाणी प्रकरण में जेपीसी की बजाय सुप्रीम कोर्ट की समिति ज्यादा उपयुक्त और प्रभावी होगी. शरद पवार ने एक तरह से ये कहकर अडाणी समूह का बचाव भी किया है कि एक विदेशी कंपनी देश में स्थिति का जायजा लेती है, ऐसे में हमें यह तय करना चाहिए कि इस पर कितना ध्यान दिया जाना चाहिए. अमेरिकी रिसर्च और खोजी कंपनी की अडाणी समूह पर रिपोर्ट 24 जनवरी को आई थी. उस रिपोर्ट के आए ढाई महीने होने जा रहा है. एनसीपी प्रमुख शरद पवार को ये बखूबी समझ आ गया है कि इस मसले पर जिस तरह से कांग्रेस हमलावर है, उससे विपक्ष को कोई ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है. उसके विपरीत बीजेपी इस मुद्दे को देशहित और देश की संप्रभुता से जोड़ते हुए लोगों से भावनात्मक समर्थन हासिल करने में कामयाब होते दिख रही है और इसका फायदा बीजेपी को आगामी चुनावों में हो सकता है. यहीं बात शरद पवार समझाने की कोशिश में हैं. शरद



पवार को ये अच्छे से पता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी फिलहाल बहुत बड़ी राजनीतिक हैसियत रखने वाली पार्टी है. बिखरा विपक्ष राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी को चुनौती देने की स्थिति में कतई नहीं है. यही वजह है कि शरद पवार कहते हैं कि गैर बीजेपी सरकार तो कई राज्यों में है, राज्यों में बीजेपी को हराया भी जा सकता है और वो हार भी रही है. इसके लिए उन्होंने उदाहरण दिया कि केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, ओडिशा जैसे राज्यों में बीजेपी की सरकार नहीं है. उन्होंने तो ये भी कहा कि मई में होने वाले चुनाव में कांग्रेस कर्नाटक में सरकार बनाने जा रही है. इसके बावजूद शरद पवार ने अपनी बातों से साफ कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को चुनौती देनी है तो एकजुट विपक्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं है. शरद पवार को ये भी अच्छे से पता है कि इस विपक्षी एकजुटता में कांग्रेस ही वो पार्टी है जो धुरी बन सकती है क्योंकि बाकी विपक्षी पार्टी जो राष्ट्रीय स्तर पर बिना कांग्रेस के विपक्षी एकता बनाना चाहते हैं, उन पार्टियों की राजनीतिक ज़मीन कमोबेश एक राज्य तक ही सीमित है. पिछले दो लोकसभा चुनाव में बहुत ही खराब प्रदर्शन के बावजूद सिर्फ कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जिसका जनाधार (कम हो या ज्यादा) अभी भी राष्ट्रव्यापी है.

अगर हम ममता बनर्जी की बात करें तो उनका दायरा सिर्फ पश्चिम बंगाल तक है. इसी तरह से अखिलेश यादव और मायावती का दायरा लोकसभा में सीट जीतने के लिहाज से सिर्फ उत्तर प्रदेश तक ही सीमित है. नीतीश की जेडीयू और आरजेडी का प्रभाव के बाहर नहीं है. उसी तरह से के. चंद्रशेखर राव का रकबा तेलंगाना से आगे एक इंच भी नहीं है. डीएमके प्रमुख एम के स्टालिन सिर्फ तमिलनाडु में ही लोकसभा सीटों पर करामात दिखा सकते हैं. इसी तरह लोकसभा चुनाव के हिसाब से अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के लिए दिल्ली और पंजाब से बाहर झाड़ू का अस्तित्व नज़र नहीं आ रहा है. कुछ ऐसा ही बीजेडी के नवीन पटनायक का भी हाल है, जिनकी राजनीति ओडिशा से शुरू होकर यहीं खत्म हो जाती है. कमोबेश एनसीपी और उद्धव ठाकरे का भी यही हाल है. इन हालातों में सिर्फ कांग्रेस ही विपक्ष में एक ऐसी पार्टी है जिसका आधार अभी भी पैन इंडिया है. यहीं वजह है कि शरद पवार चाहते हैं कि 2024 में बीजेपी के खिलाफ विपक्षी एकता हो और उसमें कांग्रेस की भूमिका सबसे बड़ी हो. विपक्षी एकता के सपने को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिहाज से शरद पवार की एक और मंशा है. वो जानते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस विपक्षी एकता की जरूरत है, वो सिर्फ कागज़ी नहीं होनी चाहिए क्योंकि बीजेपी को अगर टक्कर देनी है, तो हर तरीके से विपक्षी दल एकजुट दिखने चाहिए. यहीं कारण है कि शरद पवार कर रहे हैं कि विपक्षी एकता के लिए दो चीजें जरूरी हैं. पहली बात ये हैं कि बीजेपी की विचारधारा से विरोध रखने वाले सभी दल एक साथ आएं और दूसरी बात ये कि विपक्षी दल उन मुद्दों की भी पहचान करें, जिन पर विपक्षी दलों की एक राय हो. इसके पीछे शरद पवार की ये मंशा है कि लोगों में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि हम सिर्फ दिखावे के लिए एक साथ है. सभी विपक्षी दलों का चुनावी सुर भी एक होना चाहिए. मुद्दों को लेकर स्पष्टता होनी चाहिए. शरद पवार यही संदेश देना चाहते हैं कि अगर विपक्षी पार्टियां अपनी-अपनी सहूलियत से अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलर राग अलापेंगी, तो फिर वैसे में मजबूत बीजेपी के सामने विपक्षी एकता का कोई मायने नहीं रह जाएगा. अडाणी और सावरकर पर शरद पवार के बयानों से भी ये जाहिर होता है. वे बिल्कुल नहीं चाहते हैं कि जिन मुद्दों पर देश के लोगों का भावनात्मक झुकाव हो, उन मसलों को चुनावी राजनीति से दूर रखना ही विपक्षी एकता के लिए फायदेमंद है. अगर ऐसा नहीं होता है कि इसका सीधा लाभ बीजेपी उठाएगी. शरद पवार बीजेपी विरोधी वोटों को विपक्ष के अलग-अलग खेमे में बंटने नहीं देना चाहते हैं. उन्हें ये एहसास है कि कांग्रेस के बग़ैर कोई भी विपक्षी मोर्चा बीजेपी की राहों में बाधा की बजाय कांटा कम करने का ही काम करेगा. उनकी बातों से ये भी झलकता है कि 2024 में बीजेपी को राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रकार की चुनौती देने के लिए कांग्रेस के साथ ही विपक्षी एकता का एकमात्र विकल्प बचा है. अगर ऐसा नहीं होता है तो केंद्र की राजनीति में बीजेपी के लिए सफर पहले से भी आसान हो सकता है. अभी जो राजनीतिक स्थिति है, उसमें कांग्रेस के बग़ैर विपक्षी दलों का कोई भी गठजोड़ बनता है, वो एक तरह से बीजेपी के लिए ही फायदेमंद ही साबित होगा, ये तय है.



# कानून सबके लिए एक

केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे 14 विपक्षी दलों की याचिका को देश के मुख्य न्यायाधीश की अगुआई वाली बेंच ने सुनवाई के भी योग्य नहीं माना। यह मामला दो वजहों से खास तौर पर ध्यान देने लायक है। पहली बात तो यह कि केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप भले ही अपने देश में नया न हो, ऐसा दृश्य भी आम नहीं है कि इस एक मसले पर एक-दो नहीं बल्कि 14 राजनीतिक दल एक साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हों। जाहिर है, राजनीतिक हलकों में कुछ ऐसा हो रहा है जो बहुत आम नहीं है। लेकिन अदालत ने याचिका में निहित अंतर्विरोध पर इसे दाखिल करने वालों का ध्यान दिलाते हुए कहा, 'आप केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही, यह भी कहते हैं कि नेताओं के लिए कोई स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं चाहते क्योंकि वे भी सामान्य नागरिक हैं। फिर आप ही बताइए कि अदालत केंद्रीय एजेंसियों को यह निर्देश कैसे दे सकती है कि नेताओं के मामलों में गिरफ्तारी से पहले खास प्रक्रिया अपनाए?' शीर्ष अदालत की बात सही है कि कानून हर नागरिक के लिए समान है। ऐसे में कोई भी ऐसी मांग कानून की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकती, जिसमें किसी भी बहाने से खास लोगों के लिए विशेष व्यवहार की बात कही जाए। याचिका में कहा गया था कि 2004 से 2014 के बीच सीबीआई ने जितने नेताओं के मामलों की जांच की, उनमें से करीब 60 फीसदी विपक्ष के थे। 2014 के बाद से अब तक की अवधि में यह प्रतिशत बढ़कर 95 फीसदी तक पहुंच गया है। ईडी के मामले में भी उसी कालावधि के बीच यह आंकड़ा 54 फीसदी से 95 फीसदी हो गया। एक आरोप यह भी लगता है कि इस तरह के मामलों में दोष सिद्ध बहुत कम ही हो पाता है। इसलिए इनके राजनीतिक दुरुपयोग के आरोप अक्सर लगते रहे हैं। इन आरोपों से न ही मौजूदा और न ही पिछली सरकारें बची हैं। फिर भी यह मामले का एक ही पहलू है और इस पर मौजूदा सरकार का अपना स्पष्टीकरण हो सकता है। बावजूद इसके, अगर विपक्षी दलों की शिकायत को वाजिब मान लें तब भी उनकी याचिका देश में विपक्षी राजनीति की बेचारगी भरी तस्वीर पेश करती है। आखिर देश में लोकतंत्र है और ये तमाम बड़े दल आम लोगों द्वारा निर्वाचित सरकार के खिलाफ अपनी शिकायत लेकर जनता के बीच जाने के बदले अदालत में पहुंच रहे हैं तो सहज ही सवाल उठता है कि क्या मतदाताओं की समझ पर उनका भरोसा कम हुआ है या लोगों को समझाने की अपनी क्षमता पर संदेह हो गया है। राजनीतिक दल अपनी लड़ाई अदालतों में लड़ने लग जाएं तो यह राजनीति का दायरा सिमटने का संकेत है। किसी भी सूरत में यह लोकतंत्र की सेहत के लिए अच्छी खबर नहीं कही जाएगी।

शीर्ष अदालत की बात सही है कि कानून हर नागरिक के लिए समान है। ऐसे में कोई भी ऐसी मांग कानून की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकती, जिसमें किसी भी बहाने से खास लोगों के लिए विशेष व्यवहार की बात कही जाए। याचिका में कहा गया था कि 2004 से 2014 के बीच सीबीआई ने जितने नेताओं के मामलों की जांच की, उनमें से करीब 60 फीसदी विपक्ष के थे। 2014 के बाद से अब तक की अवधि में यह प्रतिशत बढ़कर 95 फीसदी तक पहुंच गया है। ईडी के मामले में भी उसी कालावधि के बीच यह आंकड़ा 54 फीसदी से 95 फीसदी हो गया। एक आरोप यह भी लगता है कि इस तरह के मामलों में दोष सिद्ध बहुत कम ही हो पाता है। इसलिए इनके राजनीतिक दुरुपयोग के आरोप अक्सर लगते रहे हैं। इन आरोपों से न ही मौजूदा और न ही पिछली सरकारें बची हैं। फिर भी यह मामले का एक ही पहलू है और इस पर मौजूदा सरकार का अपना स्पष्टीकरण हो सकता है।

# भारत के पहले आतंकवादी का नाम नाथूराम गोडसे

प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत के पहले आतंकवादी का नाम नाथूराम गोडसे है जिसने गांधीजी की हत्या की थी और हैदराबाद में लोग उसकी फोटो लेकर घूम रहे हैं. पुलिस खामोश क्यों बैठी है? अगर किसी के पास ओसामा बिन लादेन की तस्वीर होती तो पुलिस घरों के दरवाजे तोड़ देती. सवाल ये है कि महात्मा गांधी के हत्यारे की तुलना ओसामा बिन लादेन से उन्होंने क्यों की। बीजेपी से निष्कासित विधायक हैं टी राजा. उन्होंने रामनवमी का जुलूस निकाला था और उसमें कई लोगों ने नाथूराम गोडसे की तस्वीर को अपने हाथों में उठा रखी थी. गोडसे की तस्वीर को लेकर नाच-गाना कर रहे थे. ओवैसी का यह बयान उसी संदर्भ में है. जहां तक ओसामा बिन लादेन की बात है तो ओवैसी ने ये कहा कि अगर लादेन की तस्वीर लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग बाहर निकलते तो पुलिस अब तक उनके घरों पर जाकर उन्हें गिरफ्तार कर ली होती. लेकिन रामनवमी जुलूस में गोडसे की तस्वीर को लेकर चलने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस खामोश क्यों है। असदुद्दीन ओवैसी ने अपने बयान से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया है. मेरा अपना मानना है कि ये सवाल काफी हद तक वाजिब है. उसके पीछे की वजह है कि नाथूराम गोडसे तो एक हत्यारा था और इस बात को सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं कहती है बल्कि भारत का एक विशाल जनमानस भी इस बात को मानता है. गोडसे को हत्यारा तो आरएसएस के लोग भी मानते हैं. जिस दिन 1949 में उसे फांसी दी गई थी, कई दक्षिणपंथी संगठन हैं, जो उस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं. इसे लेकर आरएसएस के एमजी वैद्य ने कहा था कि जो लोग गोडसे का महिमामंडन हैं और शौर्य दिवस मनाते हैं ये बहुत ही निंदनीय कार्य है क्योंकि गोडसे ने गांधीजी की हत्या की थी और वो एक हत्यारा है. उन्होंने यह भी कहा था कि जो विचारों की लड़ाई है उसे हम विचारों से ही काट सकते हैं, उसमें हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए. गोडसे ने हिंसा का सहारा लेते हुए महात्मा गांधी की हत्या की थी. कहने का तात्पर्य यह है कि ओवैसी इसलिए गोडसे की तुलना लादेन से कर रहे हैं क्योंकि दोनों ही हत्यारे थे. लेकिन गोडसे को महिमामंडित किया जा रहा है तो कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. गोडसे ने कोर्ट में जो अपना बयान दिया था तो कहा कि उसने गांधी की हत्या इसलिए की क्योंकि उनका झुकाव मुसलमानों की तरफ था और वे देश के बंटवारे के लिए जिम्मेदार थे. 1904 के करीब मराठा के एक लेखक ने अपनी पुस्तक में लिखा था कि अंग्रेजों ने अपने आप को बचाने के लिए मुसलमानों के खिलाफ एक माहौल तैयार कर दिया है हिंदुओं के दिलों में. 1857 के बाद तो पूरी तरह से अंग्रेजों ने अपना शासन चलाया और इससे पहले और 1757 के बाद नवाब सिराजुद्दौला की जो हार हुई थी तो ये जो 100 साल का जो दौर था और फिर 1947 तक अंग्रेजों ने हिंदू और मुसलमान के बीच जो खाई पैदा किया उस लिगेसी को आज भी आगे बढ़ाया जा रहा है. नाथूराम गोडसे भी उसी का प्रतिनिधित्व करते हैं. मेरठ के पास तो नाथूराम गोडसे का मंदिर बना हुआ है. वहां पर एक दफा तो उस सीन को भी दोहराया गया. महात्मा गांधी की तस्वीर पर गोडसे को गोली मारते हुए दिखाया गया. सवाल ये नहीं है कि सरकार



कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है. राहुल गांधी का मानना है कि हिंदूवाद और हिंदुत्व दोनों अलग-अलग हैं और हिंदूवादी का एक समूह नाथूराम गोडसे को लंबे समय से महिमामंडित कर रहा है. ये जो विचार देश में फैल रहा है सही नहीं है. जुलूस में जिन लोगों ने तस्वीरें उठाई उसमें अधिकतर नौजवान शामिल हैं तो वो इतिहास कितना पढ़ते हैं. रोजगार भी मामला है. बेरोजगारी इस तरह के भीड़तंत्र को बढ़ावा देता है. 2016 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि नाथूराम गोडसे को लेकर जो शौर्य दिवस मनाया जाता है और जो लोग तस्वीरें लेकर घूमते हैं तो ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. जब देश का एक बड़ा नेता और भाजपा का एक वरिष्ठ पदाधिकारी इस तरह की बात करता है तो उसके बावजूद भी अगर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है, पुलिस-प्रशासन खामोश रहता है, सत्ताधारी पार्टी या सरकार चुप है तो जाहिर सी बात है कि कहीं न कहीं राजनीतिक रूप से समर्थन दे रहे हैं. चूंकि उन्हें वोटों के ध्रुवीकरण से फायदा होगा. तेलंगाना में टी राजा सिंह को बीजेपी ने निष्कासित किया और फिर भी उन पर कोई बंदिश नहीं है. इसका साफ मतलब है कि कहीं न कहीं उन्हें समर्थन है. पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि जो त्यौहार है उसमें अपने विचारों को प्रदर्शित करने के लिए उसका इस्तेमाल किया जाने लगा है. रामनवमी का जुलूस तो देश में कई सालों से निकल रहा है और शांतिपूर्वक निकलता था. लेकिन जब हम किसी एक समुदाय के विरुद्ध उतरेंगे, उसके खिलाफ बर्ताव करेंगे या नारे लगाएंगे और गांधी जी की जिसने हत्या की उसकी तस्वीरें लेकर हम घूमेंगे. इससे तो देश का जो सौहार्द वो और भी खराब ही होगा. बीजेपी से निष्कासित विधायक टी राजा जिस भीड़तंत्र का नेतृत्व करते हैं वो लोग वोट किसे करेंगे. जिन पार्टियों को इससे फायदा होगा वो नहीं चाहती हैं कि इनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई की जाए या इनको रोक दिया जाए. टी राजा ने तो इसका बचाव भी किया. उन्होंने कहा कि जुलूस में लोग शिवाजी की भी तस्वीरें लेकर चल रहे थे हो सकता है कि कुछ लोग गोडसे की तस्वीर लेकर चल रहे हों. ऐसे में जो वहां पर सरकार है या पुलिस प्रशासन है उसको तो कार्रवाई करनी चाहिए. चूंकि ये लोग एक ऐसे व्यक्ति के विचारधारा को प्रदर्शित कर रहे हैं जिसने कट्टरतावाद की बुनियाद का बीज बोया है. ऐसे में पुलिस का यह कर्तव्य बनता है कि वह पूछताछ करे और जो इसके नेतृत्वकर्ता हैं, मुखिया हैं या ऑर्गेनाइजर हैं, कम से कम उन पर तो केस दर्ज किया जाना चाहिए. मेरा कहने का मतलब है कि रिंग किसके हाथ में है. उसकी यह जिम्मेदारी बनती है कि इस तरह की घटना नहीं हो. ऐसे आयोजनों का जो लीडर होता है अगर उस पर कार्रवाई होती है तो ही इस तरह की घटना पर और समाज में बढ़ती हुई दुर्भावना को रोका जा सकता है. क्योंकि भीड़ के खिलाफ तो कार्रवाई नहीं की जा सकती है. मुझे लगता है कि ओवैसी ने भीड़ की तरफ इशारा करके यह बात इसलिए भी कही है कि जब लीडर पर कार्रवाई की बात आएगी तो लीडर तो वो भी हैं. मेरा मानना है कि ऐसे नेताओं के खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए. तभी इस तरह से लोग सड़क पर नहीं उतरेंगे. मेरा ये मानना है कि देश एक ऐसे दोराहे पर खड़ा है जहां गांधी जी की तुलना उनके हत्यारे के साथ की जा रही है. ये एक बहुत ही गंभीर और ट्रैजिक परिस्थिति है और इसे रोकने की जरूरत है. ये देश के लिए भी शर्मिंदगी की बात है क्योंकि इससे हमारी विदेशों में क्या पहचान बनेगी, यही न कि जो देश बुद्ध का है, गांधी का है, गुरु नानक का है वहां आज एक वर्ग गोडसे का गुणगान कर रहा है. विदेशों में हमारी क्या छवि बन रही होगी ये भी एक सोचनीय बात है. बुद्धिजीवी वर्ग के लिए ये सोचनीय बात है. इस तरह की विचारधारा को दबाने के लिए जितनी जल्दी कार्रवाई की जाए, ये भारत के लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द के लिए बेहतर होगा.

### टीम स्टेलर ने जीती महिला थ्रोबॉल प्रतियोगिता

# जीतो बैंगलोर नार्थ महिला विंग का आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

बैंगलुरु के जयनगर स्थित कित्तूर राणी चेनम्मा ग्राउंड में जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग द्वारा आयोजित महिलाओं कि थ्रोबॉल प्रतियोगिता का खिताब टीम स्टेलर ने जीता। जीतो बैंगलुरु के साउथ एवं नार्थ के पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रतियोगिता की शुरुआत नवकार मंत्र स्मरण से हुई। जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 1930 के दशक में इंगलैंड और ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं में लोकप्रिय यह खेल 1950 के दशक में भारत पहुँचा और वर्तमान समय में हमारे देश की महिलाओं में भी यह खेल लोकप्रिय होता जा रहा है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सुश्री सीमा ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि खेल जगत में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण स्थान रखती है और आंकड़े गवाही देते है कि खेल में महिलाओं की भागीदारी से देश की शान बढ़ी है। महिलाओं की 4 टीमो स्टेलर, फिनोमिनल, अलायंस व कॉनकर्स की भागीदारी वाली इस थ्रोबाल प्रतियोगिता की




शुरुआत मुख्य अतिथि, जीतो पदाधिकारियों एवं महिला विंग पदाधिकारियों द्वारा प्रथम सर्विस के माध्यम से हुई। चारों टीमो की आपसी रस्साकस्सी के बाद टीम स्टेलर एवं टीम फ़िनोमिनल ने फाइनल में प्रवेश किया। जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने फाइनल मेच के लिये टॉस किया। फाइनल मेच में दोनों टीमो ने खेल भावना के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अंततः टीम स्टेलर खिताब पर कब्जा किया। सभी खिलाड़ियों को मैडल द्वारा तथा विजेता-उपविजेता को ट्रॉफ़ी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महिला खेल संयोजक सोमना सीसोदिया एवं सह संयोजक सारिका मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय रेफरी नंजुंडस्वामी एवं चिन्नस्वामी ने कोच की भूमिका निभायी। मुख्य अतिथि का परिचय रुचिका पटावरी ने दिया। सुमन सिंघवी ने सभी मेचो की कमेंट्री की तथा संचालन महामंत्री सुमन वेदमुथा ने किया। जीतो बेंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार प्रतियोगिता में जीतो नार्थ के महामंत्री सुधीर गादिया, कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी, खेल संयोजक विमलेश भंडारी, सह संयोजक अमित कोठारी, युवा अध्यक्ष मनीष कोठारी, साउथ कार्यकारिणी सदस्य राजेश इसराणी, साउथ महिला अध्यक्ष सुनीता गांधी, नार्थ महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना, संगीता नागोरी, संतोष भंडारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# भाजपा ने पिछड़ा वर्ग समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है : हमीर पटेल




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भिंड जिले के विधानसभा क्षेत्र गोहद से मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संभागीय प्रभारी हमीर पटेल ने मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर के साथ गोहद नगर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के गॉव-गॉव चलो, घर-घर चलो अभियान के निमित आयोजित। जिले के गुर्जर समाज की बैठक एवं समाज के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया। अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर ने की समाज के वरिष्ठ नेताओं मे सरनाम सिंह गुर्जर ,गब्बर सिंह गुर्जर, महेश सिंह गुर्जर एडवोकेट मेहताब सिंह ,भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक जैन दंदरौआ मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर भारत सिंह पूर्व सरपंच जवान सिंह भानु गुर्जर ,मंच का संचालन रामखतियार ने किया आभार सुरेश सिंह गुर्जर ने किया।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पटेल ने गुर्जर समाज की बैठक में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास यह विचारधारा रही है कांग्रेसमें हमेशा गुर्जर समाज के साथ ही नहीं संपूर्ण पिछड़ा वर्ग को वोट की राजनीत की ओर देखकर कार किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता और संगठन नगरीय निकाय जिला पंचायत जनपद एवं ग्राम पंचायतों से लेकर समाज के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नेतृत्व प्रदान किया आज हमारे समाज के लोग जनता की सेवा और समर्पण भाव से कर रहे कांग्रेश हमेशा गुर्जर समाज के साथ ही नहीं पिछड़े वर्ग के समाज के साथ धोखा करती चली आ रही है हम सब मिशन 2023 के विधानसभा और 24 के लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देकर के केंद्र और प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनाकर इस प्रदेश को इस राष्ट को आगे बढ़ाने को गौरव प्रदान करें। हम सब संगठन की विचारधारा से जुड़े हैं और गुर्जर समाज अपने-अपनेबूथों केंद्रों को मजबूती देते हुए संगठित होकर भाजपा की सुनामी को तूफान में बदलें और कांग्रेश हमेशा पिछड़ा वर्ग दूरी कार्य करती चली आ रही है हमारी केंद्र प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग कहते थे सरकार है।गुर्जर समाज के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आप सबके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। आप सबका सहयोग समाज के प्रत्येक व्यक्ति का भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को मिले इसके लिए हम सब संगठित होकर केंद्र प्रदेश की भाजपा सरकार को मजबूती देते हुए समाज को संगठित करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग कह देते ऐसी योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक ले जाकर उन्हें लाभ दिलाएं और कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वपूर्ण योजना लाडली बहना के फार्म बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ है हम अपने अपने भूतों से समाज के जुड़ी मातृशक्ति को सम्मानित केंद्रों पर पहुंचा कर उनके फार्म बनाने में सहयोग प्रदान करें ताकि उनके खाते में ? 1000 की राशि हर महीने आ सकें ।

# मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में लहार से बनेगा भाजपा का विधायक कार्यकर्ता तैयार रह :आशुतोष तिवारी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व संगठन मंत्री एवं मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त आशुतोष तिवारी अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिंड पहुंचे जहां जिला कार्यालय पर पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पगुच्छ देकर उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत किया।भाजपा जिला कार्यालय पर हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री तिवारी ने कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव मिशन 2023 हम सब कार्यकर्ताओं के मोड़ पर खड़ा है जिले की पांचों विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी का परचम फेरे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बने इसके लिए हम अपने अपने बूथ केंद्रों को मजबूती देते हुए संगठनात्मक सुनामी को तूफान में बदलकर काम करें हम सब संगठन के समर्पित भाव से कम करने वाले कार्यकर्ता हैं व्यक्ति नहीं विचार ही हमारे लिए महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि लहार विधानसभा मैं हमेशा कांग्रेस का गढ़ रहा है और कार्यकर्ता एवं जनता की उपेक्षा की जाती रही आकांक्षी विधानसभा लहर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट एक लक्ष्य एक झूठ के साथ भाजपा समर्थित प्रत्याशी को जिताने के लिए काम करेंगे और संगठन ही हमारे लिए सर्वप्रिय है। उसके बाद पार्टी जिला अध्यक्ष के साथ लहार विधानसभा के लिए रवाना हो गए और जहां उन्होंने क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं से भी संगठनात्मक के साथ-साथ लहार के प्रत्येक बूथ को मजबूती प्रदान करने के लिए चर्चा की। हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष तिवारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अमरीश शर्मा गुड्डू के श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए।कथावाचक परम पूजनीय संत श्री चिन्मयानंद जी बापू से आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री रश्मि खटीक, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, नवल किशोर मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया, भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल पाठक, परकिसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदौरिया, शैलू भदौरिया, राजीव उपाध्याय, रोहित, शेखर खटीक, आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले के नगर एवं गांव में घूम रहा है प्रचार रथ



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जनसम्पर्क संचालनालय भोपाल द्वारा म.प्र.सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों और लाड़ली बहना योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए तीन साल बढ़े हैं- सबसे आगे खड़े हैं, देख रहा सारा देश- सबसे आगे मध्यप्रदेश प्रचार रथ तैयार करवाया गया है। प्रचार रथ द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज प्रचार रथ द्वारा विकासखण्ड मेहगांव के ग्राम सुकाण्ड, ग्राम सिलोली, ग्राम महाराजपुरा, ग्राम सोनी का भ्रमण कर म.प्र.शासन की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

# लाडली बहना योजना के प्रभारी क्रियान्वयन हेतु समिति घर घर जा कर करें जागरूक : सिसोदिया

### संगठन के उद्देश्य की पूर्ति तभी संभव है, जब पूर्ण मनोयोग से कार्य करें : आशुतोष तिवारी

### संभाग समन्वयक ने की ज.अ.प. रौन की प्रस्फुटन समिति के कार्यों की समीक्षा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रौन (भिण्ड)। म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन) विकासखंड रौन, द्वारा विकासखंड की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स की विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ जन अभियान परिषद के चंबल संभाग समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया, जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया के आतिथ्य में किया गया। श्री सिसोदिया ने कहा लाडली बहना योजना प्रदेश की एक करोड़ बहनों की जिंदगी को बदलने का अभियान है, लाडली बहना योजना को सफल बनाने के लिए समाज को साथ लेकर हम सब जुट जाएं और इसे सफल बनाएं। जिला समन्वयक श्री भदौरिया द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई। समिति के सभी पदाधिकारियों को मोबाइल ऐप और उस पर जानकारी अपलोट करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन आशुतोष तिवारी उपस्थित रहे। प्रारंभ में जन अभियान परिषद रौन समन्वयक जयप्रकाश शर्मा ने प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्रशिक्षण की जानकारी दी। श्री तिवारी ने कहा जन अभियान परिषद समाज सेवा के क्षेत्र में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभा रहा है और उन्हें जमीन पर उतारकर हितग्राहियों को लाभ भी दे रहा है लाडली बहना योजना को ग्रामीण अंचल में जागरूकता लाने के साथ-साथ और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का कार्य करें।जब समिति के सदस्य पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करेंगे तभी उसके उद्देश्यों की पूर्ति संभव है, समिति के सभी लोग ग्राम के लोगो को साथ लेकर काम करें तभी आपकी सफल नेतृत्व कर्ता के रूप में स्वीकार्यता संभव होगी। कार्यक्रम का संचालन प्रेम नारायण बरुआ द्वारा किया गया।इस दौरान हरी बाबू निराला, बीपी त्यागी, मनोज शर्मा, रमाकांत दीक्षित,अनिल बोहरे डॉ शिवेंद्र सिंह निशा राजावत, प्रमोद तिवारी सहित उपस्थित 60 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

# किसी के अहित के लिये किया गया कार्य कभी सफल नहीं हो सकता :चिन्मयानंद बापू



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** लहार नगर के उपाध्याय गार्डन में अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया द्वारा आयोजित कथा में पूज्य महाराज ने कहा कि जीवन में कुछ प्राप्त करना है तो भगवान की भक्ति प्राप्त करो क्योंकि यही एक चीज है जो लोक और परलोक दोनों सुधार देगी हमेशा दूसरों के हित के लिये कार्य करो क्योंकि दूसरों का अहित करने के लिये किया गया कार्य कभी सफल नहीं होता, उक्त वचन लहार के उपाध्याय गार्डन में अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया द्वारा आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पूज्य महाराज चिन्मयानंद बापू ने कहा कि जब किसी व्यक्ति के स्वभाव में घमंड आ जाता है तो उसके अच्छे काम भी बिगड़ जाते हैं,अहंकार की वजह से व्यक्ति को सही-गलत का ध्यान नहीं रहता है और वह कुछ ऐसा कर देता है,जिससे बने-बनाए काम भी असफल हो जाते हैं।प्रजापति दक्ष का सभी देवताओं और बड़े-बड़े ऋषि- मुनि भी सम्मान करते



थे।एक दिन एक यज्ञ हो रहा था। यज्ञ में सभी देवी-देवता और ऋषि-मुनि बैठे हुए थे।उस समय प्रजापति दक्ष यज्ञ स्थल पर पहुंचे तो वहां बैठे सभी लोग उनके सम्मान में खड़े हो गए, लेकिन शिव जी बैठे हुए थे। शिव जी दक्ष पुत्री सती के पति थे, इस रिश्ते से दक्ष शिव जी के ससुर थे, दक्ष अहंकारी था,उसने सभी को अपने सम्मान में खड़े देखा तो वह बहुत खुश हुआ लेकिन जैसे ही उसकी नजर शिव जी पर पड़ी तो वह क्रोधित हो गया,शिव जी आंखें बंद करके ध्यान में बैठे हुए थे।दक्ष के सम्मान में शिव जी नहीं उठे तो दक्ष ने सोचा कि ये मेरे दामाद हैं, मेरी संतान की तरह हैं। इस रिश्ते से इन्हें मेरे सम्मान में उठना था। इतना सोचने के बाद अहंकार दक्ष ने शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया, शिव जी शांत थे और दक्ष की बातें सुन रहे थे, लेकिन उस समय वहां मौजूद नंदीश्वर शिव जी का अपमान सहन नहीं कर पाए और उन्होंने दक्ष को शाप दे दिया।नंदीश्वर के शाप से भृगु ऋषि गुस्सा हो गए,उन्होंने नंदी को शाप दे दिया,कुछ ही देर में पूरा यज्ञ बिगड़ गया।इस घटना से संदेश मिलता है कि घमंड को जल्दी से जल्दी छोड़ देना चाहिए। जो लोग घमंड करते हैं, उन्हें कहीं भी मान-सम्मान नहीं मिलता है आज भागवत में सम्मिलित होने बालों में केबिनेट मंत्री आशुतोष तिवारी,सुरेन्द्र भारद्वाज सराबन,आनन्द महाते जी,अशोक पान्डे जी जालोन श्री पिन्ट दिवोलिया जी, जयशंकर (लल्लू) जी, सुरेन्द्र पाठक, श्रीमती रुकमिनि शर्मा विवाद कलपना भारदाजी ,श्रीनाराया शर्मा जी ग्वालियर,शिवनारायण दुबे बल्लू वकील,केशवदास गुप्ता दबोह,विष्णुदयाल विलेया दबोह,लल्लूराम गुबरेले दबोह,राकेश कोठारी दबोह,पी.एन.मेहटा एड,बृजनारायण तिवारी,चन्द्रशेखर उपाध्याय,रमाकांत उपाध्याय,गिरजाशंकर परिहार, पहलवान उपाध्याय दाऊ,महेश महाते,देवेंद्र जी नरवरिया,राव सहाव,रमाकांत पटसरिया आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे



# आईमाता बडेर भवन में योग शिविर का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।**सीरवी समाज एस.एच आर लेआट बडेर भवन परिसर में रविवार को सुबह में बच्चों बालक बालिकाओं के लिए बाल संस्कार ज्ञान शाला व योग शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं व अभिभावकों व गणमान्य जनों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया । राजेंद्र ने बच्चों को सही जीवन शैली जीने की कला व्यकित्व निर्माण, संस्कारों को जीवन में उपयोगिता एवं महत्व को बताने वाले विभिन्न शिक्षा सूत्रों के माध्यम से योग पौराणिक शास्त्र व संस्कृत श्लोक का प्रशिक्षण दिया। योग का आयोजन सरस्वती वंदना व आईमातजी आरती से



शुरूवात हुआ। बच्चों को व्रजासन, सिद्धासन, वक्रासन, गोमुखासन, शवासन, भुजंगासन सहित कई प्रकार के योगाभ्यास सीखाया। राजेंद्र ने बताया की यदि बच्चे नियमित रूप से योग करने का अभ्यास शुरू कर दें तो उनमें तेजी से शारीरिक भावनात्मक और मानसिक विकास होने में मदद मिलती है । उपाध्यक्ष भूण्डाराम हाम्बड सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा सह -सचिव केनाराम व छेलाराम,कोषाध्यक्ष भंवरलाल बर्फा, सह-कोषाध्यक्ष बाबूलाल, सोलंकी नेमाराम परिहारिया ,जगाराम परिहारिया ,गेनाराम सैणचा बोहराराम पवार मांगीलाल सोलंकी थानाराम काग व नवयुवक मंडल अध्यक्ष महेंद्र राठौड़ सचिव मदनलाल राठौड़ एंव नवयुवक मण्डल व महिला मंडल के सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य उपस्थित रहे

# मुझे पागल कहकर प्रदेश की 8 करोड़ जनता का अपमान किया है :कमलनाथ

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र**
**पुष्पांजली टुडे**



**भोपाल ।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी कुछ दिन पहले आप मेरा अंत करना चाहते थे और अब आपने मुझे पागल कहा है। पूरी दुनिया देख रही है कि मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री कैसी हरकतें कर रहा है, उसके भीतर की सारी सभ्यता, मर्यादा और संस्कार समाप्त हो चुके हैं। वह सड़क छाप गुंडों की भाषा बोल रहा है। मुझे अपने अपमान की फिक्र नहीं है। मैं तो पिछले 44 साल से मध्य प्रदेश की जनता की सेवा कर रहा हूं और आखिरी सांस तक करता रहूंगा।श्री कमलनाथ ने कहा कि मुझे दुख इस बात का है, कि मध्य प्रदेश जैसे महान राज्य के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर ऐसे कुंठित विचारों वाला व्यक्ति बैठा है। ऐसे व्यक्ति का मुख्यमंत्री होना प्रदेश की 8 करोड़ जनता का अपमान है।श्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाता हूं , कि आप का षड्यंत्र कामयाब नहीं होगा। श्री कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान जी मध्य प्रदेश शांति का टापू था और रहेगा। लेकिन आपने अपने 18 साल के कुशासन में मध्यप्रदेश की शांति भंग कर दी है। जब आप मीडिया से मुखातिब होकर मुझे गालियां दे रहे थे, तब भी मुख्यमंत्री आवास के बाहर हजारों कर्मचारी आप के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। आपने नौजवानों से रोजगार छीन लिया है, किसानों से उपज का सही मूल्य छीन लिया है, बहनों से उनकी सुरक्षा छीन ली है, अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासियों से सामाजिक न्याय छीन लिया है, पिछड़ा वर्ग से कांग्रेस का दिया आरक्षण छीन लिया है, सामान्य वर्ग से विकास की संभावनाएं छीन ली हैं। आपने हर वर्ग के जीवन से सुख शांति का हरण कर लिया है। आपने 18 साल में पूरी एक पीढ़ी बर्बाद कर दी है। इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा।

### आई पी एल- 2023 में आज फिर डबल हेडर मैच

# दिल्ली-राजस्थान के बीच दोपहर में पहला मुकाबला, जानें पॉसिबल प्लेइंग-11




**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के इस सीजन में आज फिर डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा, जो गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच दोपहर बाद 3.30 बजे से शुरू होगा। वहीं दूसरे मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस की टीमें आमने-सामने होंगी। आगे स्टोरी में हम दोनों टीमों का हेड टु हेड रिकॉर्ड, टॉप प्लेयर्स, पिच रिपोर्ट, वेदर कंडीशन, पॉसिबल प्लेइंग-11 और इम्पैक्ट प्लेयर्स जानेंगे- दिल्ली कैपिटल्स का इस सीजन में यह तीसरा मुकाबला होगा। टीम को उसके दोनों शुरुआती मुकाबलों में हार मिलीं। उन्हें सीजन में पहली जीत की तलाश है। दिल्ली को पहले मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स ने 50 रन से, वहीं दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस ने 6 विकेट से हराया था। राजस्थान के खिलाफ टीम के 4 विदेशी डेविड वार्नर, रोवमन पॉवेल, राइली रूसो और एनरिक नॉर्त्या हो सकते हैं। इनके अलावा अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और खलील अहमद भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। मिचेल मार्श अपनी शादी के लिए ऑस्ट्रेलिया गए हैं, वह करीब एक सप्ताह बाद टीम से फिर जुड़ेंगे। ऐसे में वह आज का मैच नहीं खेलेंगे। राजस्थान रॉयल्स का इस सीजन में यह तीसरा मुकाबला होगा। टीम को एक मुकाबले में जीत और एक में हार मिली है। उसने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन से हराया था। वहीं दूसरे मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच रन से हार झेलनी पड़ी थी। दिल्ली के खिलाफ टीम के 4 विदेशी जो रूट, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर और ट्रेंट बोल्ट हो सकते हैं। इनके अलावा कप्तान संजू सैमसन, रविचंद्रन अश्विन और यशस्वी जायसवाल भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जोस बटलर की इंजरी के चलते करीब एक सप्ताह तक कोई मैच नहीं खेल सकेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक बराबरी का मुकाबला देखने को मिला है। दिल्ली और राजस्थान के बीच अब तक 26 मुकाबले खेले गए हैं। जिनमें दोनों को 13-13 बार जीत मिली। गुवाहाटी के बारसपारा स्टेडियम की पिच हाई स्कोरिंग है। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिलेगा। यहां पिछले पांच टी-20 मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर 187 रन रहा है। मैच के दिन गुवाहाटी का मौसम गर्म रहने की उम्मीद है। गुवाहाटी में शनिवार का टेम्परेचर 19 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। बारिश की आशंका नहीं है। दिल्ली कैपिटल्स- डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), रोवमन पॉवेल, राइली रूसो, सरफराज खान/मनीष पांडे, अमन हकीम खान, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, एनरिक नॉर्त्या और मुकेश कुमार/खलील अहमद।

### आई पी एल सीजन का पहला एल-क्लासिको आज

# चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस में टूर्नामेंट की सबसे बड़ी राइवलरी




**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के इस सीजन में आज से फिर डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। दिन का दूसरा मुकाबला टूर्नामेंट के इतिहास की 2 सबसे सफल टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स (घ्स्य) और मुंबई इंडियंस (रूढ्ढ) के बीच होगा। मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7=30 बजे शुरू होगा। दिन का पहला मैच राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। घ्स्य और रूढ्ढ के बीच होने वाले मैच को लीग का एल-क्लासिको भी कहा जाता है। दोनों में टूर्नामेंट की राइवलरी भारत-पाकिस्तान मैच की तरह है। एल क्लासिको स्पेनिश शब्द है, जिसका मतलब उत्कृष्ट होता है। स्पेनिश फुटबॉल में बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के मैच को एल क्लासिको कहा जाता है, क्योंकि दोनों ला लीगा के सबसे सफल क्लब हैं। बिल्कुल उसी तरह ढ्ढक्क में घ्स्य और रूढ्ढ के मैच को एल क्लासिको कहते हैं, क्योंकि मुंबई ने सबसे ज्यादा 5 और चेन्नई ने 4 बार ढ्ढक्क का खिताब जीता है। इस मैच का खिलाड़ियों के साथ फैंस को भी बेसब्री से इंतजार रहता है। चेन्नई सुपरकिंग्स का इस सीजन में यह तीसरा मुकाबला होगा। टीम को एक मुकाबले में जीत और एक में हार मिली है। उसे पहले मैच में गुजरात टाइटंस से हार मिली थी। वहीं दूसरे मैच में लखनऊ को टीम ने हराया था। मुंबई के खिलाफ टीम के 4 विदेशी डेवोन कॉन्वे, बेन स्टोक्स, मोईन अली, सिसंडा मगाला और ड्वेन प्रीटोरियस में से हो सकते हैं। इनके अलावा कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, ऋतुराज गायकवाड और रवींद्र जडेजा भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। मुंबई इंडियंस का इस सीजन में यह दूसरा मुकाबला होगा। उन्हें सीजन में पहली जीत की तलाश है। टीम को पहले मैच में बेंगलुरु से हार मिली थी। तब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और इशान किशन बेंगलुरु की हाई स्कोरिंग पिच पर फ्लॉप हो गए थे। चेन्नई के खिलाफ टीम के 4 विदेशी कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, जेसन बेहरनडॉर्फ और जोफ्रा आर्चर हो सकते हैं। इनके अलावा रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। घ्स्य और रूढ्ढ की टीमें ढ्ढक्क की सबसे सफल टीमें रही हैं। मुंबई पांच और चेन्नई चार बार चैंपियन है। अब तक दोनों के बीच टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 34 मुकाबले खेले गए हैं। जिनमें 20 बार मुंबई और 14 बार चेन्नई को जीत मिली है। चेन्नई सुपर किंग्स- महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉन्वे, ऋतुराज गायकवाड, बेन स्टोक्स, अंबाती रायडु, मोईन अली, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, सिसांडा मगाला/ड्वेन प्रीटोरियस, दीपक चाहर और राजवर्धन हंगरगेकर। मुंबई इंडियंस = रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नेहल वाधेरा, टिम डेविड, जेसन बेहरनडॉर्फ, जोफ्रा आर्चर, अरशद खान, पीयूष चावला।

### न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को तीसरे टी-20 में हराया

# रोमांचक मैच में कीवियों ने 1 बॉल रहते जीत हासिल की, सीरीज पर कब्जा जमाया



न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को तीन टी-20 मैच की सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में 4 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूज़ीलैंड तीन मैच की सीरीज 2-1 से जीत ली। क्वींसटाउन में शनिवार को खेले गए मैच में न्यूज़ीलैंड ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। जवाब में न्यूज़ीलैंड ने 6 विकेट खोकर 19.5 ओवर में ही लक्ष्य का हासिल कर लिया। न्यूज़ीलैंड के टिम सेफर्ट ने अर्धशतक लगाया। टिम सेफर्ट को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। न्यूज़ीलैंड को आखिरी ओवर में 10 रन की जरूरत थी जो उसने 1 बॉल शेष रहते हासिल कर लिया। इस दौरान उसने दो विकेट भी गंवाए। न्यूज़ीलैंड ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी की। पथुम निसंका और कुसल मेंडिस ओपनिंग करने उतरे। दोनों के बीच 76 रन की पार्टनरशिप हुई। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 73 रन की पारी खेली। उनके अलावा कुसल परेरा 33, निसंका 25 और धनंजय डी सिल्वा ने 20 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। बेन लिस्टर को 2 और ईश सोढी और एडम मिल्ने को 1-1 विकेट मिला। चरित असलंका को मार्क चैपमैन और टॉम लाथम ने रन आउट किया। न्यूज़ीलैंड ने आसानी से 183 रन का टारगेट हासिल कर लिया। न्यूज़ीलैंड के लिए टिम सेफर्ट ने 88 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान टॉम लाथम 31 ने बनाए।

### पिछले 4-5 महीने में क्रिकेट से ब्रेक का हुआ फायदा

# क्रुणाल पंड्या ने कहा - ब्रेक के दौरान स्किल्स पर काम किया




**लखनऊ।** ढ्ढक्क में क्रुणाल पंड्या के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत शनिवार रात को लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हराया। क्रुणाल पंड्या दोहरा प्रदर्शन किया। पंड्या ने 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने हैदराबाद के टॉप ऑर्डर की कमर तोड़ दी। मैच के बाद उन्होंने न्यूज एजेंसी-ह्लढ्ढ को दिए इंटरव्यू में कहा, %मैंने पिछले 4 से 5 महीने में क्रिकेट से ब्रेक लिया। इससे मुझे गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली। इस साल लय में नजर आऊंगा। हैदराबाद के खिलाफ क्रुणाल पंड्या ने तीन विकेट लिए। पहले उन्होंने मयंक अग्रवाल को आउट किया ,फिर अनमोलप्रीत सिंह को ष्टड्ढ किया। आखिर में उन्होंने पहली ही बॉल पर कप्तान मारक्रम को क्लीन बोल कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। मैच के बाद पंड्या ने कहा, %आज का दिन अच्छा था। हैदराबाद में राइट हैंड बल्लेबाजों के होने से मुझे पता था कि आज पूरे चार ओवर करने का मौका मिलेगा। मैं इसके लिए तैयार था। इस समय मैं एक अच्छे हेडस्पेस में हूं, मेरे पास इस बारे में स्पष्टता है कि मैं अपने खेल के बारे में कैसे जाना चाहता हूं, चाहे वह बल्लेबाजी से हो या गेंदबाजी से। इसका रिजल्ट भी देखने को मिला। क्रुणाल ने आगे कहा, %पिछले चार-पांच महीनों में मैंने क्रिकेट से ब्रेक लिया था, जहां मैं नहीं खेल रहा था। मैं सिर्फ अपनी स्किल्स पर काम करना चाहता था। गेंदबाजी पर खास ध्यान दिया। इस वजह से मैंने सिर्फ वाइट बॉल क्रिकेट खेला। पिछले 2-3 साल में मेरा एक्शन बिगड़ता चला गया था। इसलिए मैं सिर्फ अपने एक्शन पर काम करना चाहता था। उन्होंने आगे कहा, %मैं यह याद करने की कोशिश कर रहा हूं कि मैंने पिछले 4-5 साल में कैसा प्रदर्शन किया है। पिछले तीन साल में मुंबई इंडियंस में मेरी भूमिका पूरी तरह बदल गई थी। मैं शुरुआत में 4नंबर पर बल्लेबाजी करता था, लेकिन बाद में 7 नंबर पर आने लगा। इससे मेरा प्रदर्शन खराब होता चला गया। अब मैं वापस नंबर 4 पर बल्लेबाजी कर रहा हूं। इससे वापसी करने में मदद मिलेगी। लखनऊ के लिए पंड्या ने हैदराबाद के खिलाफ 23 बॉल में 34 रन की पारी खेली। उनसे ज्यादा 35 रन सिर्फ टीम के कप्तान केएल राहुल ही बना सके। पंड्या ने 147.82 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।

# माही के विजयी सिक्स को सम्मान, वानखेड़े में बना विक्ट्री मैमोरियल

मुंबई 08 अप्रैल,। यहां वानखेड़े स्टेडियम में भारत की 2011 विश्व कप जीत की याद में एक विक्ट्री मेमोरियल बनाया गया है। यह मेमोरियल उसी जगह पर बनाया गया है, जहां महेंद्र सिंह धोनी का विजयी छक्का गिरा था। धोनी की आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने इस विक्ट्री मेमोरियल के उद्घाटन का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस मैमोरियल के लिए स्टैंड्स से 5 कुर्सियां भी हटाई जाएंगी। इसके अलावा, धोनी को उसी स्पॉट पर एमसीए ने सम्मानित भी किया। इस मौके पर खुद धोनी भी मौजूद रहे। धोनी के सम्मान में अब उन 5 कुर्सियों पर कोई नहीं बैठेगा, जहां उनके बल्ले से निकला वर्ल्ड कप विनिंग सिक्स आकर गिरा था। 2011 में टीम इंडिया ने श्रीलंका को हराकर विश्व कप जीता था। बता दें कि दुनियाभर में क्रिकेट स्टेडिम में स्टैंड्स और पवेलियन तो कई क्रिकेट खिलाडियों के नाम हैं, लेकिन, विक्ट्री मेमोरियल किसी प्लेयर या उनके शॉट पर भारत में पहली बार बनेगा।

# ऑर्लिन्स मास्टर्स : जेन को हराकर सेमीफाइनल में प्रियांशु




ऑर्लिन्स 08 अप्रैल,। युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने ऑर्लिन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ची यु जेन को क्वार्टरफाइनल में मात दी। विश्व रैंकिंग में 44 नंबर के प्रियांशु ने 58वीं रैंक वाले जेन को 44 मिनट में 21-18, 21-18 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। सेमीफाइनल में भारतीय खिलाड़ी का सामना आयरलैंड के न्हैट नुयेन से होगा जो इजऱायल के एम जिल्बरमैन के रिटायर होने के बाद क्वार्टरफाइनल से वॉकओवर लेकर आ रहे हैं। पहली बार प्रियांशु का सामना कर रहे जेन ने 6-5 की बढ़त के साथ मुकाबले की अच्छी शुरुआत की, हालांकि प्रियांशु ने जल्द ही 8-8 पर स्कोर बराबर कर दिया। ब्रेक तक 11-10 की बढ़त लेने वाले प्रियांशु ने दूसरे अर्ध में कुछ अप्रत्याशित गलतियां करके जेन को 16-15 पर वापस आने का मौका दिया। भारतीय युवा ने नेट पर अच्छा खेल दिखाते हुए लगातार चार पॉइंट अर्जित किये और जेन के एक पॉइंट लेने के बावजूद 20-16 पर गेम पॉइंट अर्जित कर लिया। जेन ने एक शॉट प्रियांशु की पहुंच से दूर मारकर स्कोर 20-17 किया। इसके बाद वह एक लंबी रैली के अंत में स्कोर करने में सफल रहे। प्रियांशु ने अंततः नेट पर नज़ाकत भरा खेल दिखाते हुए ताइपे के खिलाड़ी को गलती करने के लिये मजबूर किया और 21-18 से जीत अर्जित कर ली। दूसरे गेम में प्रियांशु आत्मविश्वास के साथ उतरे और जेन के अथक प्रयासों के बावजूद ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक के बाद भी जेन को बढ़त में आने का मौका नहीं दिया और 20-15 पर मैच पॉइंट हासिल किया।

# गोहद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के गिले-शिकवे दूर करने के लिए हुई आदर्शवाटिका में बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गोहद** विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में विधायक मेवाराम जाटव के चुनने के बाद काफी कार्यकर्ताओं में रोष है जहां कार्यकर्ताओं में उनकी बात ना सुने जाने एवं उनके अपेक्षा होने के विरोध में कार्यकर्ता रुस्ट है जिसको लेकर आज आदर्श वाटिका गोहद में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई जिसमें पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि जहां पूरी विधानसभा के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मंच पर दिखते थे आज एक भी वरिष्ठ कार्यकर्ता मंच पर नहीं है इसके लिए पूरी कांग्रेस को इस बात पर अमल करना चाहिए कि जो कार्यकर्ता पदाधिकारी रुस्ट हैं उनको मंच पर लाया जाए उनके घर जाकर उनसे बात की जाए एवं उनके जो भी शिकायतें शिकवे हैं उनको दूर किए जाएं वहीं डॉ गोविंद सिंह ने कहा की विधानसभा चुनाव शीघ्र ही आने वाले हैं ऐसी परिस्थिति में हम एकजुटता के साथ कार्य करें मध्य प्रदेश में सरकार बन रही है पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा को चुनाव तक के लिए गोहद में भी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी है

### कैप्टेंसी डेब्यू पर मार्करम का गोल्डन डक

# 40 साल के मिश्रा ने लगाई डाइव, भुवनेश्वर का कैच ऑफ द मैच




**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में लखनऊ सुपरजायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गई है। लखनऊ की पिच पर स्पिनर्स, क्रुणाल पंड्या और केएल राहुल टीम की जीत के हीरो रहे। मैच में हैदराबाद से ढ्ढक्क में अपना कैप्टेंसी डेब्यू कर रहे ऐडन मार्करम गोल्डन डक पर बोल्ड हो गए। 40 साल के अमित मिश्रा ने डाइविंग कैच पकड़ा। फजलहक फारूकी की बॉल स्टंप्स से लगी, लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं। सनराइजर्स के कप्तान ऐडन मार्करम साउथ अफ्रीका में टी-20 और वनडे सीरीज खेलने के बाद इस सीजन में पहली बार अपनी टीम से जुड़े। वह स्क्र॥ के लिए पहली ही बार कप्तानी कर रहे थे, लेकिन डेब्यू मैच की पहली ही गेंद पर वह बोल्ड हो गए। पहली पारी में 8वें ओवर की आखिरी बॉल क्रुणाल पंड्या ने तेज यॉर्कर फेंकी। मार्करम इसे समझ नहीं सके और गेंद मिस कर गए। यह पंड्या का मैच में तीसरा विकेट था, उन्होंने इस बॉल से पहले अनमोलप्रीत सिंह को ष्टड्ढ किया था। इससे पहले उन्होंने पावरप्ले में मयंक अग्रवाल का विकेट भी लिया था। लखनऊ सुपरजायंट्स ने 40 साल के अमित मिश्रा को आज मौका दिया। यह मिश्रा का ढ्ढक्क में 16वां सीजन है, उन्होंने सीजन के पहले ही मैच को यादगार बनाया और 18वें ओवर में शॉर्ट थर्ड मैन पर डाइव मारकर बेहतरीन कैच कर लिया। उन्होंने स्क्र॥ के राहुल त्रिपाठी का कैच लिया, जो यश ठाकुर की बॉल पर अपर कट खेल रहे थे। दूसरी पारी के तीसरे ओवर में स्क्र॥ के फजलहक फारूकी ने रुत्र के काइल मेयर्स को गुड लेंथ बॉल फेंकी। मेयर्स बॉल मिस कर गए, लेकिन बॉल स्टंप्स को छूते हुए कीपर के पास जा पहुंची। बॉल स्टंप्स से तो लगी, लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं। इस कारण मेयर्स नॉटआउट रहे। भुवनेश्वर ने पकड़ा कैच ऑफ द मैच दूसरी पारी में स्क्र॥ के उप कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने अपनी ही बॉलिंग पर शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। छठे ओवर की आखिरी बॉल उन्होंने गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। बॉल ने दीपक हुड्डा के बैट का बाहरी किनारा लिया और सामने की ओर चली गई। भुवनेश्वर ने अपने बाएं तरफ डाइव मारी और बेहतरीन कैच कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मरान अक्सर अपनी टीम के मैच देखने स्टेडियम पहुंचती हैं। लखनऊ के खिलाफ भी वह ड्ढक्क बॉक्स में बैठकर मैच देख रही थीं। उन्होंने लखनऊ के विकेट गिरने को सेलिब्रेट किया, लेकिन आखिर में जब उनकी टीम मैच हार गई तो वे निराश भी नजर आईं।

# यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स से जुड़े अयान मुखर्जी, संभालेंगे वॉर 2 के निर्देशन की कमान

फिल्म वॉर के ब्लॉकबस्टर होने के बाद से दर्शक इसके सीच्ल वॉर 2 की राह देख रहे थे। अब आखिरकार इसके दूसरे भाग का ऐलान हो गया है। बड़ी खबर यह है कि फिल्म के निर्देशन की कमान इस बार सिद्धार्थ आनंद के हाथ में नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी अयान मुखर्जी को दी गई है। ऋतिक रोशन एक बार फिर पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्वीट किया, अयान मुखर्जी करेंगे वॉर 2 का निर्देशन। बतौर लीड हीरो ऋतिक रोशन की मौजूदगी पक्की। वॉर 2 के लिए आदित्य चोपड़ा ने अयान को चुना है। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की 7वीं फिल्म होगी। टाइगर 3 में जो कुछ भी घटेगा, उसकी आगे की कहानी इसमें दिखाई जाएगी। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों को यशराज बैनर का यह फैसला भा रहा है तो कुछ इसे लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अयान ने बॉलीवुड को कई हिट फिल्में दी हैं। उनकी फिल्में हर वर्ग के दर्शकों को लुभाती हैं। अयान दर्शकों की



नब्ज पकडने में माहिर हैं। वह साबित कर चुके हैं कि बड़े स्तर पर किसी फिल्म को कैसे खड़ा करना है। इसके अलावा अयान एक युवा निर्देशक हैं, जो वॉर 2 की कहानी में नयापन ला सकते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रख आदित्य ने उन्हें स्पाई यूनिवर्स से जोड़ा है। सिद्धार्थ ने वॉर का निर्देशन किया था, जिन्होंने पिछ्ली बार शाहरुख खान के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान दी। सिद्धार्थ के पास ऋतिक और दीपिका पादुकोण अभिनीत फाइटर भी है और माना जा रहा है कि वह पठान के सीच्ल पर भी काम करेंगे। ऐसे में बतौर निर्देशक उनके पास स्पाई यूनिवर्स के कई प्रोजेक्ट हो जाएंगे। चर्चा है कि इसी वजह से यशराज फिल्म्स ने जासूसी की दुनिया में इस बार सिद्धार्थ की जगह अयान को मौका दिया है। अयान ने 2009 में 26 की उम्र में फिल्म वेकअप सिड से निर्देशन जगत में कदम रखा था, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। इसके बाद उनकी फिल्म ये जवानी है दीवानी भी हिट रही थी। ब्रह्मास्त्र उनके निर्देशन में बनी तीसरी फिल्म थी। वॉर 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे और इसमें जबरदस्त एक्शन देखने को मिला था। फिल्म में ऋतिक और टाइगर की जुगलबंदी कमाल की थी। इसमें ऋतिक एजेंट कबीर की भूमिका में थे। सिद्धार्थ ने ही आदित्य चोपड़ा के साथ मिलकर इस फिल्म की कहानी भी लिखी थी। 175 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 475 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी।





# लीज़ा मलिक ने अपने फिटनेस सीक्रेट्स का किया खुलासा



एक्ट्रेस और सिंगर लीजा मलिक रोजाना वर्कआउट करती हैं। उन्होंने अपने फिटनेस गोल्स को सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने एक हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए अपने सीक्रेट्स का भी खुलासा किया। एक्ट्रेस ने कहा, लाइफस्टाइल को मेनटेंन रखने के लिए मैंने हमेशा घर का बना सादा संतुलित भोजन खाना पसंद किया। मैं कभी भी दुबले होने में विश्वास नहीं रखती।लिजा ने तोरबाज से बॉलीवुड में कदम रखा और कॉमेडी क्लासेस, कॉमेडी सर्कस, भाग बकूल भाग जैसे टीवी शो में काम किया।एक्टिव और फिट रहने के बारे में बात करते हुए वह कहती हैं, मैं अपने दिन की शुरूआत शहद नींबू वाले गुनगुने पानी के साथ करती हूं, फिर ताजा जूस लेती हूं। मैंने चावल की जगह दलिया या ब्राउन राइस और सामान्य गेहूं के आटे को मल्टीग्रेन आटे से बदल दिया है। मैंने पाया है कि दिन में 4 बार भोजन करना और समय पर सोना हमेशा हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। इसलिए मैं सभी को हेल्दी खाने की सलाह दूंगी और कभी भी भूखा नहीं रहना चाहिए या आहार में कोई बड़ा बदलाव नहीं करना चाहिए।

# अखिल अक्किनेनी की फिल्म एजेंट का पोस्टर जारी, हिंदी में भी होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता अखिल अक्किनेनी के चाहने वाले दुनिया भर में मौजूद हैं, जो उनकी आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अखिल ने अपना 29वां जन्मदिन के खास मौके पर उन्होंने अपनी पैन इंडिया फिल्म एजेंट का ऐलान किया है, जिसे लेकर उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। एजेंट में वह मेगा स्टार मामूट्टी और साभी वैद्य के साथ नजर आएंगे। यह फिल्म सुरेंदर रेड्डी द्वारा निर्देशित है। निर्माताओं ने शुक्रवार को एजेंट का पोस्टर भी साझा किया है, जिसमें अखिल एक अलग अवतार में दिखाई दे रहे हैं। यह फिल्म 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। एजेंट को आप हिंदी समेत तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषा में देख सकते हैं। फिल्म की कहानी वक्कंथम वामसी द्वारा लिखी गई है, जबकि यह फिल्म रामब्रह्मम सुंकारा द्वारा निर्मित है।फिल्म में अखिल एक्शन से भरपूर अवतार में नजर आएंगे। उनके पास मशीनगन होंगी। यूनिट के सूत्रों का कहना है कि एजेंट एक स्पाई एंटरटेनर व एक्शन फिल्म है।अखिल पहली बार एक्शन




अवतार में नजर आएंगे। निर्माता सुरेंदर रेड्डी ने दावा किया है कि उनका किरदार ऐसा होगा, जो उन्होंने अपने करियर में कभी नहीं निभाया।फिल्म की कहानी वक्कंथम वामसी ने लिखी है। इसके अलावा, यह एके एंटरटेनमेंट्स और सुरेंद्र 2 सिनेमा के तहत रामब्रह्मम सुनकारा द्वारा निर्मित है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली इसके एडिटर हैं, जबकि अविनाश कोल्ला आर्ट डायरेक्टर हैं।अजय सुनकारा, पाथी दीपा रेड्डी फिल्म के सह-निर्माता हैं। ये फिल्म पूरे भारत में तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी।

# पुष्पा 2 का टीजर जारी, अल्लू अर्जुन के प्रशंसकों मिला को जबरदस्त तोहफा

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अपनी नई फिल्म पुष्पा- द रूल को लेकर छाए हुए हैं. फैंस बेसब्री इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं.अब अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे से पहले फैंस को स्पेशल तोहफा दिया है. उन्होंने फिल्म पुष्पा 2 का पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वह बेहद खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं. उनका ये लुक चर्चा का विषय बन गया है.अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को पुष्पा- द रूल के पोस्टर की झलक दिखाई है, जिसमें उनका लुक रौंगटे खड़े कर देने वाला है. पोस्टर में देखा जा सकता है कि अल्लू अर्जुन साउथ इंडियन साड़ी में दिख रहे हैं. उनके गले में नींबू की माला है. एक्टर चूड़ियां, अंगूठी और कई सारे नेकलेस पहने हुए नजर आ रहे हैं. अल्लू ने कमर पर बेल्ट भी पहनी है, जो महिलाएं ट्रेडिशनल कपड़ों के साथ पहनती हैं.पोस्टर में अल्लू अर्जुन का मल्टीकलर मेकअप ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. माथे पर बिंदी लगाई है, जो शिव की तीसरी आंख की तरह दिख रहा है. हाथ में बंदूक थामे अल्लू अर्जुन का ये लुक बेहद डरावना है. पुष्पा- द रूल के इस पोस्टर को देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं और कमेंट सेक्शन में रिएक्शंस दे रहे हैं. मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के बर्थडे से एक दिन पहले पुष्पा 2 से एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है. गौरतलब है कि पुष्पा द राइज साल 2021 के दिसंबर महीने में रिलीज हुई थी. इसमें अल्लू अर्जुन ने चंदन तस्कर पुष्पा का रोल निभाया था. रश्मिका मंदाना के साथ अल्लू अर्जुन की केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया गया. इस बार मेकर्स ने पुष्पा 2 को और बड़े लेवल पर बनाया है. पुष्पा द राइज ने दुनियाभर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था. अब देखना है कि पुष्पा- द रूल बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखा पाती है।

# जी ले जरा में कैमियो करेंगे शाहरुख, कटरीना-प्रियंका-आलिया संग होगी किंग खान की रोड ट्रिप!

बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर डायरेक्टर जोया अख्तर की फिल्म जी ले जरा की जबसे घोषणा हुई हैं तब से ये चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कटरीना कैफ और आलिया भट्ट नजर आने वाली है। जोया अख्तर की इस फिल्म का साल 2021 में अनाउंसमेंट किया गया था और बताया गया था कि इसकी कहानी ये रोड ट्रिप पर बेस्ड है। अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि फिल्म जी ले जरा में बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान कैमियो रोल होगा। आइए जानते हैं कि पूरी खबर क्या है।जोया अख्तर फिल्म जी ले जरा को रीमा कागती के साथ मिलकर बना रही हैं। दोनों ने साथ में फिल्म की स्क्रिप्ट को तैयार की है और इसे प्रोड्यूस कर रही हैं। आलिया भट्ट, कटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा की फिल्म की शूटिंग के लिए डेट्स का शेड्यूल मैच नहीं हो पाया और यही कारण है कि फिल्म लेट हो गई।



# शर्टलेस फोटो में दिखें सलमान खान, फ्लॉन्ट किए सिक्स पैक एब्स

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के पूरे देश भर में फैंस हैं. उन्होंने इतने सालों में अपनी फिल्मों के चलते कई दर्शकों के दिल जीते हैं. बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान जब अपनी हर फिल्म में अपने सिक्स पैक एब्स दिखाते हैं तो फैंस दीवाने हो जाते हैं. हाल ही में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी एक जबरदस्त तस्वीर शेयर की है. अभिनेता की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रही है. आपको बता दें कि, इन दिनों सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक तस्वीर बड़ी तेजी से वायरल हो रही है. इस तस्वीर में सलमान शर्टलेस अवतार में सिक्स पैक एब्स में दिखाई दे रहे हैं. वह अपनी इस तस्वीर में अभिनेता बहेद हॉट नजर आ रहे हैं. इस पोस्ट को शेयर करते हुए सलमान ने कैप्शन में लिखा, ऐसा लग जरूर रहा है लेकिन मैं सचमें चिल नहीं कर रहा हूं. तस्वीर में सलमान को सोफे पर बैठे देखा जा सकता है. जैसे ही उन्होंने तस्वीर पोस्ट की, फैंस ने कमेंट सेक्शन को लाल दिल वाले इमोजीस से भर दिया. बिग बॉस के प्रतियोगी प्रतीक सहजपाल ने कमेंट किया, माशाअल्लाह. एक अन्य यूजर ने लिखा लव यू भाई.. एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, हमेशा के लिए प्रेरणादायक.इस बीच, एक्टर के वर्क प्रंट की बात करें तो, सलमान खान अगली बार फैमिली एंचरटेनमेंट फिल्म किसी का भाई किसी की जान में अभिनेता पूजा हेगड़े के साथ दिखाई देंगे. फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित यह फिल्म ईद 2023 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है. इसके अलावा, उनके पास कैटरीना कैफ के साथ एक एक्शन थ्रिलर फिल्म टाइगर 3 भी शामिल है।

# सनी सिंह ने किया फिल्म लव की अरेंज मैरिज का ऐलान, अवनीत कौर होंगी जोड़ीदार

बॉलीवुड इंडस्ट्री में आए दिन नई फिल्मों का अनाउंसमेंट होता रहता है। फैमिली एंटरटेनर पसंद करने वाले लोगों के लिए गुडन्यूज है। दरअसल, राज शांडिल्य और विनोद भानुशाली ने मिलकर एक फिल्म बनाने का प्लान किया है और इसका अनाउंसमेंट हो गया है। इस फिल्म का नाम लव की अरेंज मैरिज होगी और इसके डायरेक्शन की जिम्मेदारी इशरत खान के कंधों पर होगी। फिल्म लव की अरेंज मैरिज में लीड स्टार्स के तौर पर सनी सिंह और अवनीत कौर नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं कि इसके अलावा फिल्म कौन-कौन से कलाकार हैं और फिल्म की शूटिंग कब शुरू होने वाली है।डायरेक्टर राज शांडिल्य और प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली ने फिल्म लव की अरेंज मैरिजके लिए हाथ मिलाया है। ये फिल्म फैमिली



एंटरटेनर है और इसकी शूटिंग मध्यप्रदेश में शुरू हो गई है। फिल्म लव की अरेंज मैरिज सनी सिंह और अवनीत कौर के अलावा अन्नू कपूर, सप्रिया पाठक, राजपाल यादव, सुधीर पांडे और पारितोष त्रिपाठी नजर आएंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन इशरत खान करेंगी। फिल्म को प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, राज शांडिल्य और विमल लोहाटी के कंधों पर है। बताते चलें कि ये पहला मौका होगा जब सनी सिंह और अवनीत कौर किसी फिल्म में साथ में काम करते नजर आएंगे।वर्क फ्रंट की बात करें तो सनी सिंह फिल्म लव की अरेंज मैरिज के अलावा फिल्म आदिपुरुष और फिल्म यार जिगरी में नजर आने वाले हैं। वहीं, अवनीत कौर फिल्म लव की अरेंज मैरिज के अलावा फिल्म टीकू वेड्स शेरू में काम करते दिखाई देंगी। राज शांडिल्य ने आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल को डायरेक्ट किया था और ये फिल्म हिट रही थी। अब इस फिल्म का सीच्ल ड्रीम गर्ल 2 इसी साल जुलाई में रिलीज होने वाला है। इसके अलावा राज शांडिल्य ने कई फिल्मों के डायलॉग लिखे हैं। वहीं, विनोद भानुशाली बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने प्रोड्यूसर हैं और उन्होंने कई फिल्मों को प्रोड्यूस किया है।

# जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम दर्पण कॉलोनी में कराई गई जिसमें जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अरुणेश सिंह भदोरिया जी के साथ राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र शर्मा जी राष्ट्रीय संरक्षक जगमोहन सक्सेना जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भदोरिया जी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंजू भदोरिया जी राष्ट्रीय सलाहकार अशोक शर्मा जी ग्वालियर जिला अध्यक्ष वरिष्ठ नितिन कुशवाहा जी युवा जिला अध्यक्ष रवि पुजारी जिला उपाध्यक्ष संतोष गोस्वामी प्रदेश महासचिव श्याम सिंह कुशवाह महिला जिला अध्यक्ष रानू शर्मा एवं उपाध्यक्ष रेनू चौहान के साथ मीडिया प्रभारी अजय पोशिया, सोशल मीडिया प्रभारी संजय भदोरिया ,राघवेंद्र सिंह भदोरिया, सोनल कुशवाह सीमा समाधिया सुनीता कुशवाहा विवेक शर्मा आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रोग्राम को सफल बनाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय श्री अरुणेश सिंह भदोरिया जी ने कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि ग्वालियर पूर्व विधायक सतीश सिकरवार जी एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मुन्नालाल गोयल जी का स्वागत किया इस प्रतियोगिता में ग्वालियर के अलावा भिंड मुरैना के बच्चों ने भी भाग लिया प्रतियोगिता में अहम भूमिका अचीवर मार्शल आर्ट ग्वालियर ने निवाई

# गोहद चौराहा पुलिस द्वारा अवैध बसूली कर रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

थाना गोहद चौराहा पर फरियादी बृजभूषण सिंह पुत्र ज्ञानसिंह भदौरिया निवासी गोवर्धन कालौनी ग्वालियर ने शिकायत की कि गोहद चौराह थाना क्षेत्रन्तर्गत ट्रको पर से अवैध बसूली की जा रही है दिनांक 08.04.23 को फरियादी का ड्रायवर कुलवंत जाटव निवासी डांग गोहद चौराहा का ट्रक क्रं0 स्क्र07 ॥क्र7106 को डिरमन पाली से गिट्टी भरकर जा रहा था तभी माता का पुरा गोहद चौराहा पर एक व्यक्ति द्वारा फरियादी के ट्रक को रोककर अवैध बसूली के लिए 100/- रुपये मांगे तो ड्रायबर कुलवंत ने कहा कि आप मालिक बृजभूषण सिंह से फोन से बात कर लो मालिक कहेंगे तो मैं आपको 100/- रुपये दे दूगां उसके बाद उक्त व्यक्ति ने ट्रक मालिक बृजभूषण सिंह भदौरिया से कहने लगा की यहां से ट्रक को निकलाने के रुपये आपको देना पड़ेगे और अगर पैसे नही देगें तो मै तुम्हारी गाडी नहीं चलने दूगां और जो क्रेशर बाला गाडी को भरेगा उसको गोली मार दूंगा फरियादी की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए थाना गोहद चौराहा पर धारा 384,294,506 भादवि0 का पंजीबद्ध पर विवेचना में लिया गया। एंव घटना स्थल पर पहुंचकर तत्परता से कार्यवाही करते अवैध बसूली कर रहे आरोपी नीटू उर्फ योगेन्द्र सिंह पुत्र रणवीर सिंह गुर्जर को माता का पुरा गोहद चौराहा से पकड़ा पुलिस को देख आरोपी की सारी हेक?ी निकल गई और मांफी मांगने लगा और कहने लगा की मै कल दारु के नशे में था आज के बाद ऐसी गलती दोबारा नही




**उक्त प्रकरण में सराहनीय अहम भूमिका थाना प्रभारी निरी0 उपेन्द्र छारी, उनि कल्याण सिंह यादव, सउनि0 बाबूसिंह जादौन, प्रआर शिवराम सिंह, आर0 रामकुमार तोमर, आर0 पंकज सिंह, आर0 चालक मानसिंह की रही है।**

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को दिलाई नई पहचान :केंद्रीय मंत्री तोमर

**मुरैना ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज यहां लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2023 का चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में शुभारंभ किया। इस मौके पर मंत्री तोमर ने कहा कि आज हम अंग्रेजों की गुलामी की मानसिकता से बाहर आए हैं, आज पूरा परिदृश्य बदला हुआ है और यह संभव हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण।केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि एक समय था जब हमारे देश में प्रतिभा थी और हम उसे पहचान नहीं पा रहे थे। इन प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का वातावरण ही नहीं था। यही वजह है कि देश में प्रतिभाएं कुंठित हो रही थी और उन्हें विदेशों में जाने के लिए विवश होना पड़ रहा था, लेकिन आज ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस स्थिति को समझा और देश में एक सकारात्मक वातावरण निर्मित किया, जिससे भारत ही नहीं पूरी दुनिया में बदलाव आया है। तोमर ने कहा कि 2014 से पहले देश में कुल 31-32 ही स्टार्टअप हुआ करते थे, लेकिन आज इनकी संख्या 6,500 से भी ज्यादा हो गई है। अकेले कृषि क्षेत्र में ही इनकी संख्या 2,000 से ऊपर है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ताकत को पहचान रही है और इसका लोहा भी मान रही है।केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत की पहचान बनी है और दुनियाभर में भारत की ताकत भी ब?ी है। यही वजह है कि जब भारत के प्रधानमंत्री यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को यह कहते हुए रुकवा देते है कि पहले हमारे बच्चों को बाहर निकलने दें तो भारत की ताकत का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी तरह अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेड हमारे प्रधानमंत्री जी का परिचय कराते हुए कहते हैं कि एक सूर्य, एक विश्व और एक मोदी तो पूरी दुनिया को भारत की ताकत पर गर्व होता है। स्टार्टअप कानक्लेव में मध्य प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, सांसद विवेक शेजवलकर, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाशचंद्र, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव भाई प्रजापति, अखिल भारतीय महामंत्री घनश्याम ओझा और अखिल भारतीय सचिव समीर मूंदड़ा भी उपस्थित रहे।



# बजरंग भक्त मंडल ने मार्क हॉस्पिटल गौशाला में की 500 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा



बजरंग भक्त मंडल द्वारा लगभग 4 वर्षो से मार्क हॉस्पिटल, गोला का मंदिर गौशाला में निरन्तर की जा रही गौसेवा के क्रम में बजरंग भक्त मंडल के सदस्य एवं गौसेवक सदस्यो के सहयोग से लगभग 500 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा की। जिसमे 142 किलो डॉ. अमर के सहयोग से,125 किलो दीपक सोनी के सहयोग से, 112 किलो गुप्त सहयोग से,57 किलो अंकुश कोटिया के सहयोग से एवं 57 किलो जितेंद्र चंदेल के सहयोग से कुल 500 किलो की सेवा आज बजरंग भक्त मंडल के माध्यम से की गई। गौसेवा में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल, सचिव राकेश मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, कोषाध्यक्ष रामकिशोर मंगल, कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, अंकुश कोटिया, विशाल तिवारी, मनीष राय, नमन अवस्थी, सह सचिव जितेंद्र चंदेल, डॉ. अमर, रानू वंशकार, आदित्य अग्रवाल, भरत गर्ग, सुमित शर्मा, आर्यान्श अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद थे।

# मंहगाई, बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस तीव्र आंदोलन करेगी : चौहान

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को महिलाओं को लेकर दिए अपने बयान पर माफी मांगना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके लिए जहां अभियान चला रही है वहीं आगे और भी ज्यादा भाजपा नेताओं की बदजुवानी पर आंदोलन करेगी।मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह चौहान यहां ग्वालियर ग्रामीण की जंबो कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी से लेकर अन्य मुददों को लेकर कांग्रेस तीव्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कांग्रेस की जंबो कार्यकारिणी चुनावों से पहले घोषित की गई है। महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देने के पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि हां महिलाओं को समान अधिकार के तहत पचास प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया जाना था

# राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत ग्राम काथा में निःशुल्क आयुष मेगा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**पंकज त्रिपाठी**
**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी डॉ नीलम कुशवाह के निर्देशन में निःशुल्क आयुष मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकासखण्ड लहार के ग्राम काथा में किया गया। शिविर का शुभारंभ श्री धन्वंतरी भगवान जी का पूजन कर किया गया। जिसमें गठिया वात, उदर रोग, चर्म रोग, स्त्री रोग, बच्चों से सम्बंधित रोग, श्वांस, कांस, प्रतिश्याय, जीर्ण ज्वर आदि रोगों से ग्रस्त 232 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. रमा शंकर मांझी (शिविर प्रभारी ), डॉ. ब्रजेश शाक्य, डॉ योगेंद्र राजपूत, डॉ सुरेंद्र इंदौरिया, डॉ सरोज पाल बघेल, डॉ माधवी कॉल, डॉ नीरज पाण्डेय, डॉ हरेंद्र तोमर, सरपंच मलखान सिंह, सोमराज नरवरिया (कम्पाउण्डर), चरण सिंह तोमर (कम्पाउण्डर), श्रीमती सविता चौहान (स्वास्थ्य कार्यकर्ता), श्रीमती किरण शर्मा (स्वास्थ्य कार्यकर्ता), ऋषि बिसारिया (दवासाज), कुशलेश नरवरिया (दवासाज) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह एवं भिंड जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा ने किया बीएम दिनकर चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल का उद्घाटन





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद नगर में ऐंचाया रोड पर डॉक्टर बी एम दिनकर की पुण्य स्मृति में उनके बेटे डॉ धर्मवीर दिनकर एवं उनके परिवार ने अपने पिता की पुण्य स्मृति में एक अस्पताल की शुरुआत की है जिसमें सभी प्रकार की जांचें एवं परामर्श निशुल्क रहेगा प्रतिदिन 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे जो मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में भी ने निशुल्क रूप से इलाज करेंगे एवं कई महत्वपूर्ण जांचे भी निशुल्क होंगी जिससे कई गरीब असहाय एवं मजदूर लोगों को बहुत ही लाभ मिलेगा जो महानगरों में जाकर अपना इलाज नहीं करा पाते हैं ऐसे मरीज भी यहां इलाज करा सकेंगे अस्पताल का उद्घाटन कांग्रेस जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा ने फीता काटकर किया तथा साथ में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह एवं विधायक मेवाराम जाटव मौजूद रहे

# भाजपा ने पिछड़ा वर्ग समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है : हमीर पटेल

## अवैध बसूली कर रहे व्यक्ति को गोहद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद ।** थाना गोहद चौराहा पर फरियादी बृजभूषण सिंह पुत्र ज्ञानसिंह भदौरिया निवासी गोवर्धन कालौनी ग्वालियर ने शिकायत की कि गोहद चौराह थाना क्षेत्रन्तर्गत ट्रको पर से अवैध बसूली की जा रही है । दिनांक 8 अप्रेल 2023 को फरियादी का ड्रायबर कुलवंत जाटव निवासी डांग गोहद चौराहा का ट्रक क्रं. एमपी 07 एचबी 7106 को डरमन पाली से गिट्टी भरकर जा रहा था तभी माता का पुरा गोहद चौराहा पर एक व्यक्ति द्वारा फरियादी के ट्रक को रोककर अवैध बसूली के लिए 100/- रुपये मांगे तो ड्रयबर कुलवंत ने कहा कि आप मालिक बृजभूषण सिंह से फोन से बात कर लो मालिक के कहेंगे तो मै आपको 100/- रुपये दे दूगां बाद उक्त व्यक्ति ने ट्रक मालिक बृजभूषण सिंह भदौरिया से कहने लगा की यहा से ट्रक को निकलाने के रुपये आपको देना पडेगे और अगर पैसे नही देगें तो मै तुम्हारी गाडी नही चलने दूगां और जो क्रेशर बाला गाडी को भरेगा उसको गोली मार दूगां फरियादी की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए थाना गोहद चौराहा पर अपराध क्रं. 85/23 धारा 384,294, 506 भादवि. का पंजीबद्ध पर विवेचना में लिया गया एवं घटना स्थल पर पहुंचकर तत्परता से कार्यवाही करते अवैध बसूली कर रहे आरोपी नीटू उर्फ योगेन्द्र सिंह पुत्र रणवीर सिंह गुर्जर को माता का पुरा गोहद चौराहा से पकड़ा पुलिस को देख आरोपी की सारी हेक?ी निकल गई और मांफी मांगने लगा और कहने लगा की मै कल दारु के नशे में था आज के बाद ऐसी गलती द्वारा नही करुगां ।उक्त प्रकरण में सराहनीय अहम भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र छारी,उप निरीक्षक कल्याण सिंह यादव, सहायक उपनिरीक्षक बाबूसिंह जादौन,प्रधान आरक्षक शिवराम सिंह, आरक्षक रामकुमार तोमर, आरक्षक पंकज सिंह, आरक्षक चालक मानसिंह की रही है

## महात्मा ज्योतिवाराव फुले की जयंती की पूर्व संध्या पर 251 गणमान्य जनों का विधायक डॉ. सिकरवार करेंगे सम्मान



**ग्वालियर।** महात्मा ज्योतिवाराव फुले की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम 5 बजे सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कुशवाह समाज के 251 वरि?ठ गणमान्य जनों का सम्मान 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के द्वारा ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर किया जायेगा। यह जानकारी मेयर इन कॉउंसिल के प्रभारी सदस्य अवधेश कौरव ने दी।

# मालनपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब बनाने वाली सामग्री ले जाते हुए दबोचा

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता**
**मालनपुर**




मालनपुर थाना अंतर्गत जहरीले शराब बनाने की सामग्री ले जाते हुए युवक गिरफ्तार मालनपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मावई ने बताया गया है मुखबिर की सूचना के पर मालनपुर थाना पुलिस ने घेराबंदी कर करन पुत्र रामकुमार जाटव उम्र 19 साल निवासी हरिराम पुरा को 2 लीटर ओपी के साथ दबोच लिया धारा 49(क) मैं मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया जिससे हजारों लीटर जहरीली शराब बनाई जा सकती थी इस कार्रवाई में सराहनीय कार्य थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मावई ,ए एस आई नारायण सिंह धारिया, प्रधान आरक्षक कमल माहौर, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक मनजीत सिंह सरदार, आरक्षक पंकज तोमर, आरक्षक रामनंद यादव, रामबरन आदि भूमिका रही

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478